हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 7 मई 2024



## खबर संक्षेप

### चाकू लहराते युवक को पुलिस ने पकड़ा

**राजनांदगांव।** धारदार चाकू लेकर चौक में लोगों को डरा-धमका रहे युवक की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक को गिरफ्तार किया। जिससे धारदार चाकू बरामद की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 6 मई को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि मोनू बांसफोड़ नामक व्यक्ति बैगापारा अटल आवास चौक के पास अपने हाथ में चाकू लेकर लोगों को डरा-धमका रहा है। जिससे आसपास के लोग दहशत में हैं। इस सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी मोनू बांसफोड़ 19 वर्ष साकिन अटल आवास बैगापारा लखोली को पकड़ा। जिसके कब्जे से एक नग लोहे का धारदार चाकू जब्त कर 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## माए एंगल




# माओवादियों के लगाए आईईडी को पुलिस ने किया नष्ट, सर्चिंग जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिले से सटे महाराष्ट्र के दर्शन स्थल टिपागढ़ पहाड़ी में गढ़चिरौली पुलिस ने नक्सलियों का विध्वंसक सामग्री बरामद किया है। हाल ही में गढ़चिरौली तथा कांकेर जिले में सुरक्षा बलों के सर्जिकल स्ट्राइक में बेहद संख्या में नक्सलियों के मारे जाने से माओवादी संगठन बौखलाहट में है। लगातार हार्डकोर नक्सलियों का दस्ता बस्तर, महाराष्ट्र तथा मोहला-मानपुर में तैनात फोर्स पर किसी बड़े हमले की रणनीति पर है, जिसे लगातार सुरक्षा बल के जवान विफल कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि गढ़चिरौली जिले के नक्सल सेल को एक गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि महाराष्ट्र के दर्शन स्थल टिपागढ़ पहाड़ी में नक्सलियों की चहल-कदमी है और माओवादी संगठन इस दौरान सुरक्षा बलों पर आईडी हमले को अंजाम देने की फिराक में है। उक्त सूचना पर तत्काल संभावित घटना को रोकने के लिए दो बम निरोधक दस्ते के साथ महाराष्ट्र की एंटी नक्सल यूनिट सी-60 की एक इकाई और सीआरपीएफ की एक टीम तैनात कर आज सुबह संभावित इलाके में सशस्त्र फोर्स रवाना की गई। खोजबीन के दौरान सुरक्षा बल के जवानों को दर्शन स्थल टिपागढ़ की पहाड़ी में विस्फोटकों और डेटोनेटर से भरे क्लोमोर माइंस, प्रेशर कुकर आदि सामान बरामद किए गए हैं।

### गढ़चिरौली पुलिस को टिपागढ़ पहाड़ी में मिली सफलता

#### पहाड़ी के खो में छुपाकर रखे थे विध्वंस

महाराष्ट्र सुरक्षा बल के जवानों ने विस्फोट के लिए तैयार 6 प्रेशर कुकर, 6 क्लोमोर माइंस, दवाई, कंबल और विस्फोटक के थे, टीमों को उसी स्थान पर एक प्लास्टिक बैग में बारूद, दवाएं और कंबल भी मिले, जिसे बीडीडीएस की टीम ने मौके पर नष्ट कर दिया है।



**बदले की फिराक में नक्सली संगठन :** एक तरफ नक्सली संगठन का सबसे बड़ा आय तेंदूपत्ता का सीजन, दूसरी ओर एनकाउंटर में बेहद संख्या में नक्सली लगातार ढ़ेर किए जा रहे हैं। ऐसे में नक्सली संगठन इस समय बौखलाहट में हैं और अपने साथियों की मौत का बदला लेने कांकेर बस्तर, मोहला-मानपुर तथा गढ़चिरौली के बॉर्डर पर हार्डकोर नक्सलियों का दस्ता किसी घातक रणनीति को अंजाम देने के फिराक में हैं।

#### पैनी नजर

जिले में नक्सली संगठन तथा उनके समर्थकों पर पैनी नजर रखी जा रही है। पूरी ताकत से विध्वंसक गतिविधियों को रोकने तैयार खड़े हैं।
**वाईपी सिंग,** एसपी मोहला

## फर्जी परिवहन संघ की जांच शुरू, साठ हजार पर्ची जारी करने की शिकायत

# परिवहन की आड़ में जमकर फर्जीवाड़ा

एनिशपुरी गोस्वामी ▶▶ मोहला

विगत साढे 3 सालों से जिला परिवहन संघ के नाम पर जाली दस्तावेज एवं कूटरचना के बल पर चल रहे लौह अयस्क परिवहन के खेल की परतें अब खुलने लगी है। जिला परिवहन संघ के चार पदाधिकारियों के काले कारनामों की फेहरिस्त लगातार हरिभूमि उजागर कर रही है। इधर सुस्त गति से चल रहे पुलिस जांच में फर्जी जिला परिवहन संघ के आरोपित पदाधिकारी लगातार पुलिस को जांच में गुमराह करते 12 सौ लोडिंग का हिसाब दे रहे हैं। जबकि दो-दो लौह अयस्क के खदान से साढ़े तीन सालों के भीतर 50 से 60 हजार ट्रिप ट्रैकों को कच्चे लोहा का लोडिंग मिलने की खबर सामने आई है।



#### दोनों माइंस देंगे जानकारी कितना दिए लोडिंग

इस समय पुलिस के जांच अधिकारी आरोपों से घिरे जिला परिवहन संघ के ही पदाधिकारी से जानकारी प्राप्त कर रहे हैं कि साढे तीन साल के भीतर इन्होंने कितना पर्ची 5 सौ के दर पर काटे हैं और ट्रैकों को लोडिंग दिया गया। जबकि लौह अयस्क का खदान प्रबंधक सारंडा एनर्जी तथा गोदावरी माइंस से पुलिस विभाग को विधिवत जानकारी मिल सकता है कि खदान से कितनी गाड़ियां कच्चा लोहा लोड होकर माडहर सिलतरा रायपुर पहुंचाया गया।

उल्लेखनीय है कि मोहला-मानपुर रजिस्टर्ड परिवहन संघ का नाम बदलकर फर्जी तरीके से जिला परिवहन संघ चला रहे तथाकथित जिला परिवहन संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव तथा कोषाध्यक्ष अध्यक्ष मिलकर लौह अयस्क के खदान में परिवहन के नाम पर 50 लाख से भी ऊपर रुपए पचा लेने का मामला सामने आया है। उक्त मामले की जांच मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के पुलिस अधिकारी कर रहे हैं। इस मामले में पुलिस प्रशासन लोडिंग के सही आंकड़ों तक पहुंच पाएगी, क्या दोषी सलाखों के पीछे तक पहुंच पाएंगे, इस हाले दास्ता के बीच मोहला-मानपुर परिवहन संघ के पदाधिकारी तथा ट्रक मालिकों ने हरिभूमि को जानकारी देते बताया कि 1 साल के भीतर लगभग 18 से 20 हजार अनुमानित पर्चियां खड़गांव में स्थित पल्लेमाडी माइंस के दो-दो खदान ट्रांसपोर्टिंग के नाम पर काटी गई है। साढ़े तीन सालों के भीतर 50 से 60 हजार लोडिंग पर्ची प्रत्येक ट्रक 5 सौ के हिसाब से कटी है। जिसका आंकडा जिला परिवहन संघ के अध्यक्ष नवल मंडावी

▶▶ शेष पेज 3 पर


#### 6 हजार के दिहाड़ी मजदूर से कटवाते थे पर्ची

खुलासा हुआ है कि जिला परिवहन संघ के नाम पर विगत साढे तीन सालों से दोरबा निवासी युवक छबिल बोगा से लोडिंग पर्ची कटवाया जाता रहा है। इसके एवज में 6 हजार महीना उक्त युवक को आरोपों से घिरे पदाधिकारी वेतन बतौर देते आए हैं।

#### मामला वापस लेने पहुंच रहे हैं एसपी दफ्तर

एक तरफ इस गंभीर प्रकरण में कछुए की गति से पुलिसिया जांच चल रही है। दूसरी तरफ फर्जी तौर पर बनाए गए जिला परिवहन संघ के पदाधिकारियों के दबाव में शिकायत दर्ज कुछ हस्ताक्षरकर्ता एसपी दफ्तर शिकायत वापस लेने गुहार लेकर पहुंच गए।

***राजनांदगांव।** मई माह के पहले ही सप्ताह में भीषण गर्मी का वातावरण निर्मित है। जिसके चलते दोपहर के समय में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के सड़कों में सन्नाटा पसरने लगा है। देर शाम के बाद ही चहल-पहल की स्थिति बन रही है।






## खबर संक्षेप

### भावेश ने किया गौरवान्वित



**सड़क अतरिया।** वेद विज्ञान विद्या मंदिर अंग्रेजी माध्यम सड़क अतरिया में बीते दिवस स्थानीय परीक्षा के परिणाम घोषित किया गया। भावेश पाल पिता बलदाऊ पाल ने कक्षा अरुण में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माता पिता एवं शाला का नाम गौरवांवित किया। विद्यालय के शिक्षक एवं पालक ने उसे शुभकामनाएं दिया है।

### लोगों को लुभा रहे मिट्टी के गुड्डे-गुड़िया



**गंडई पंडरिया।** आगामी 10 मई को अक्षय तृतीया है। इस मौके पर बच्चे गुड्डे गुड़िया का विवाह करेंगे। पर्व को देखते हुए शहर के कुंभकार मिट्टी के गुड्डे गुड़िया बनाकर बेच रहे हैं। कुंभकारों ने शहर के साप्ताहिक बाजार में आकर्षक गुड्डे गुड़िया सजाया था जिसे बड़ी संख्या में लोगों ने क्रय किया। बीते कुछ सालों से पंडरिया सहित क्षेत्र के अनेक ग्रामों के बच्चे परंपरागत तरीके से गुड्डे गुड़ियों का ब्याह कर रहे हैं। आयोजन के लिए आम के पत्तों का मंडप बनाया जाता है। हस्तलिखित आमंत्रण कार्ड बनाकर आस पास के लोगों को न्यौता दिया जाता है। शाम को धुमाल, गढ़वा बाजा के साथ बारात निकाला लाएगा। शादी के हर रस्म को पूरा करने के बाद रात्रि भोज का आयोजन भी बच्चों ने रखा है।

### सेवानिवृत्त व्याख्याता को विदाई



**जंगलपुर।** हायर सेकंडरी स्कूल रंगाकठेरा के व्याख्याता भीखम राम साहू को सेवानिवृत्ति होने पर शाला परिवार, शाला प्रबंधन समिति एवं ग्रामीणों ने विदाई दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अरुणा अम्बादे ने किया। विशेष अतिथि सरपंच नरसिंग वर्मा थे। प्राथमिक , माध्यमिक एवं हायर सेकंडरी स्कूल के शिक्षकों ने मोमेंटो, शाल व श्रीफल भेंटकर कर सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मानित किया।इस मौके पर श्री साहू ने कहा कि शिक्षक को अपने कर्तव्यों का पालन पूरी ईमानदारी से करना चाहिए जिससे समाज में उनका सम्मान बना रहे। शिक्षक साहू ने 15 जून 15 से 30 अप्रेल 24 तक रंगाकठेरा स्कूल में अपनी सेवा दी। कार्यक्रम में व्याख्याता महेश सुधाकर, वेणुगोपाल साहू, दानेश्वर कुमार, होमेंद्र देवांगन, विरेन्द्र कुमार, विश्वनाथ राणा, चुरेन्द्र साहू, सरपंच नरसिंग वर्मा एवं ग्रामीण शामिल हुए।

### ग्यारहवीं का परिणाम शत-प्रतिशत



**अंबागढ़ चौकी।** कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसाटोला में कक्षा 9 वीं एवं 11वी के परीक्षा परिणाम गत दिनों घोषित किए गए। कक्षा नवमी का परिणाम 84 प्रतिशत, 11वी के कला, वाणिज्य, विज्ञान तथा कृषि संकाय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 9वी में टिकेश्वरी प्रथम, लिकेश्वरी द्वितीय, खेमेंद्र गिरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किए। कक्षा 11 वी कृषि संकाय में पंकज तारम प्रथम, जागेश्वर प्रसाद द्वितीय, विज्ञान संकाय की पायल सलामे तृतीय स्थान पर रही। परिणाम की घोषणा प्राचार्य संजय सिंह तथा परीक्षा प्रभारी तिरंगे दास साहू ने किया। इस अवसर पर शिक्षक तुकेश पटेल, लकेश भंडारी, शेलेंद्र रामटेके, प्रज्ञारत्न, कविता शांडिल्य तथा सरपंच हेमलता ठाकुर, गेंदसिंह निषाद आदि उपस्थित थे ।

## कलेक्टोरेट पहुंचे बड़ी संख्या में ग्रामीण

# पुलिस लाइन के लिए जमीन का चयन, ग्रामीणों ने की आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के पेंड्रीकला मे निजी भूमि को पुलिस लाइन कार्यालय के लिए चयन करने की जानकारी मिलने से परेशान ग्रामीणो ने जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर चयन निरस्त करने की मांग की।


जनपद सदस्य लखनलाल साहू, सरपंच धनवाराम साहू, हीरा सिंह, फिरन साहू, समयलाल साहू, जीवराखन, दयाल, सुदामाराम, गनपतराम सहित दर्जनो की संख्या मे पहॅचे ग्रामीणो ने बताया कि बीते दिनो उन्हे जानकारी मिली है कि जिला प्रशासन द्वारा पुलिस लाईन कार्यालय के लिए पेंड्रीकला मे पहनं 25, खसरा नंबर 1086,1088 व 1090 कुल 3 रकबा 20.562 हेक्टेयर जमीन का चयन किया गया है जबकि उक्त भूमि मेहतर पिता सुखदेव साहू सहित अन्य पांच के नाम पर राजस्व रिकार्ड मे दर्ज है जिसे गॉव मे अन्य जमीन नही होने के कारण भूमिस्वामी की स्वीकृति बाद पूरा गॉव पशुओ के चारागाह के रूप मे उपयोग कर रहा है। चयन बाद अधिग्रहण करने से गॉव के मवेशियो के लिए कही जगह नही रहेगी और खेती किसानी का काम चौपट होने के साथ अन्य समस्या भी पैदा होगी। उन्होने पुलिस लाईन कार्यालय खोले जाने उक्त जमीन के चयन पर आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि 1960/61 की चकबंदी मे भी सभी ग्रामवासियो ने अंश भूमि गौचर के लिए दिया है जो उनकी संपत्ति है और शासन के राजस्व रिकार्ड मे शामिलात चारागाह के रूप मे अंकित है।



### रद्द करें जमीन का चयन

जनपद सदस्य लखनलाल साहू, सरपंच धनवाराम साहू सहित अन्य ग्रामीणो ने कहा कि खसरा नंबर 1086 मे 19.247 हेक्टेयर जमीन मेहतर पिता सुखचैन, राम्हू पिता मुंशी, मनबोध पिता ढीमरा, रामलाल पिता मोती और बिसाहूप्रसाद पिता चंद्रलाल सहित अन्य काश्तकारो के नाम पर दर्ज है जिसे पुलिस लाईन के चयनित करने और अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू करना सरासर गलत होगा। उन्होने जिलाधीश से पशुओ के चारागाह के लिए सालो से सुरक्षित जमीन को यथावत रखने की मांग की है।

# प्रस्तावित निर्माण कार्य करें जल्द पूर्ण : आयुक्त



- आयुक्त ने वार्डों में सफाई और निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम का वार्ड भ्रमण अभियान प्रतिदिन जारी है। भ्रमण में नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता तकनीकी एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ सुबह साफ-सफाई एवं वार्डों में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर रहे है। निरीक्षण की कड़ी में बुधवार को उन्होंने वार्ड नं. 18 व 19 के ममता नगर, वर्धमान नगर, 18 एकड़ क्षेत्र में साफ-सफाई व निर्माण कार्य का अधिकारियों के साथ जायजा लेकर दिशा निर्देश दिए।

आयुक्त गुप्ता 18 एकड़ एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर सेंटर में साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्था सुचारू रूप से होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने स्वच्छता दीदीयों से कहा कि घर में ही कचरा पृथक करने लोगों को समझाईस दें एवं शत-प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करें। उन्होंने पूनम कॉलोनी ममता नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था देख सफाई कर्मियों से चर्चा कर हाजिरी रजिस्टर चेक किया तथा अनुपस्थित कर्मचारियों के संबंध में जानकारी लेकर निर्धारित समय तक कार्य करने, सड़कों व गलियों की नियमित सफाई कर कचरा उठाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उपअभियंता अशोक देवांगन व अनुप पाण्डे, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी पवन कुर्रे, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी व प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी व स्वास्थ्य अमला उपस्थित थे।

### वार्डों में कई कार्य लंबित

आयुक्त गुप्ता विकास कार्यों के निरीक्षण में वार्ड नं. 18 के ममता नगर गली, थीला सिजन स्कूल गली में डामरीकरण, 15वें वित्त आयोग अंतर्गत नाली निर्माण के अलावा वार्ड नं. 19 हनुमान मंदिर आम्बेडकर चौक के पास सामुदायिक भवन व सौंदर्यीकरण कार्य तथा वर्धमान नगर में डामरीकरण, नाली निर्माण, शक्ति नगर में सीमेंट कांक्रिट रोड निर्माण कार्य का जायजा लेकर शेष डामरीकरण एवं अन्य कार्य गुणवत्ता के साथ जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके से कहा कि सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराएं और बंद कार्य जल्द प्रारंभ कराएं।

# संत शिरोमणि ने दिया मानव सेवा पर बल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर के तुरकारी पारा वार्ड मे सेन समाज ने अपने आराध्य संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती विधि-विधान से पूजा अर्चना व आरती कर मनाया। समाज के नरेंद्र श्रीवास ने बताया वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि को संत शिरोमणि की 724वीं जयंती समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाई गया। संत शिरोमणि ने समाज को सच्ची मानवता का संदेश देते हुए बताया कि संसार के सारे कामो और म्मिेदारियो को निभाते हुए भी मानव मानवता की भावना रख सच्चे मन से प्रभु की सेवा करके उनका कृपा पात्र बन सकता है। नरेंद्र श्रीवास ने बताया कि संत शिरोमणि ने जीवन में पवित्रता व सात्विकता पर जोर देते हुए संपूर्ण समाज व मानव जीव को सत्य, प्रेम, अहिंसा व सदाचार का संदेश देकर मानव सेवा को ईश्वर की सेवा का संकल्प दिलाा है।

जयंती अवसर पर देर शाम सभी सामाजिकजनो ने एकत्रित होकर सेन महाराज की तैलचित्र समक्ष दीप प्रज्जवलित किया और विधिवत पूजा अर्चना कर जयंती समारोह को सफल बनाया। इस दौरान बंशीलाल सेन, हीरालाल सेन, मोरण श्रीवास, कृष्णगोपाल श्रीवास, संजय श्रीवास, प्रकाश सेन, जयप्रकाश सेन, निखिल श्रीवास, राजा श्रीवास, चंद्रशेखर सेन, कीर्तन सेन, मनोहर सेन, धुरु श्रीवास, निहाल श्रीवास, ललित श्रीवास, राकेश सेन, आलोक श्रीवास, अमोद सेन, ममता श्रीवास, रेखा श्रीवास, रानी श्रीवास, मोना श्रीवास, रानी सेन, वर्षा श्रीवास, संतोषी श्रीवास, पारो श्रीवास सहित समाज के सभी युवक-युवती, महिला एवं पुरुष सहित समाज के वरिष्ठ शामिल हुए।

## सीएम ने कहा- लोकसभा चुनाव के बाद मनोहर गौशाला का करेंगे भ्रमण

**खैरागढ़।** शहर के धरमपुरा वार्ड मे संचालित मनोहर गौशाला के कार्यो की मुख्यमंत्री सहित दोनो उपमुख्यमंत्रियो ने सराहना की और आश्वसत किया कि लोकसभा चुनाव के बाद वो गौशाला आएंगे। मनोहर गौशाला के ट्रस्टी पदम डाकलिया ने सौजन्य मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव व विजय शर्मा को मनोहर गौशाला मे संचालित कामो की जानकारी दी। लगभग चालीस मिनट तक चर्चा के दौरान तीनो ने गौशाला से संबंधित पुस्तक को ध्यान से पढ़ा। वहां होने वाले रिसर्च और कामधेनु माता के बारे में उत्सुकता से जानकारी ली। पदम डाकलिया ने फसल अमृत, गौ अर्क सहित गौशाला में होने वाले रिसर्च और बनने वाले उत्पाद के बारे में बताया और गौशाला की तरफ से वैदिक साबुन, गोबर की माला, गोबर की गणेश प्रतिमा, गोबर के सिंहासन, गोमूत्र अर्क, फसल अमृत भेंट किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि उन्होंने भी अपने निवास पर दो गायें पाली हैं, जिन्हें वे प्रतिदिन समय देते हैं। इस दौरान गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष बिसेसर पटेल, जीव जंतु कल्याण बोर्ड भारत सरकार के डायरेक्टर सुनील मानसिंग मौजूद थे।

### समिति प्रबंधकों व मिलर्स की बैठक, शून्य शॉर्टेज के संबंध में दिया निर्देश

**खैरागढ़।** समर्थन मूल्य मे खरीदे धान के समितियो से उठाव को लेकर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल ने समिति प्रबंधकों वमिलर्स की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अपर कलेक्टर श्री पटेल ने जिले के समस्त मिलरों को 3 दिनो में धान उठाव करने निर्देशित किया। जिले के सभी 51 उपार्जन केन्द्रों के प्रबंधकों व प्रभारियों को केन्द्रों में शेष धान का यथाशीघ्र निराकरण के लिए मिलरों को धान प्रदाय करने कहा। उन्होंने कहा की जिन जिन मिलर्स को डीओ जारी हो चुका है, वे जल्द से जल्द उठाव करें। श्री पटेल ने जिले में शून्य शॉर्टेज लाने के संबंध में सभी समिति प्रबंधकों/प्रभारियों को निर्देश दिया। इस अवसर पर बैठक में खाद्य अधिकारी, सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाए, जिला विपणन अधिकारी, नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सहित 51 उपार्जन केन्द्रों के प्रबंधक/प्रभारी के साथ मिलर्स मौजूद थे।

## नदियों से रेत का अवैध खनन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरमुंदा

खनिज विभाग की लापरवाही से पारागांवखुर्द, पारागांवकला, जामरी, मुड़पार, मुरमुन्दा, मेढा, मेरेगॉव नदी से रेत उत्खनन और परिवहन निरंतर जारी है। शासन को नुकसान होने के बाद भी विभाग इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने में रूचि नहीं दिखा रहा है।

क्षेत्र में सक्रिय खनिज माफिया रोजाना दर्जनों ट्राली रेत निकाल रहे हैं। अंचल की विभिन्न नदियों में रेत की निकासी के प्रमाण आसानी से देखा जा सकता है। हैरानी वाली बात यह है कि माफिया दिन रात रेत निकाल रहा है किन्तु संबंधित विभाग के अमले को यह गोरखधंधा दिखाई नहीं दे रहा है।


इस संबंध में शिकायत होने के बाद भी अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं जिसके चलते अवैध उत्खनन पर अंकुश नहीं लग रहा है। रेत के परिवहन में कृषि उपयोग के क्रय किए गए ट्रैक्टर का उपयोग किया जा रहा है।

# बच्चों और युवाओं को लुभा रहा नदी का शीतल जल, तैराकी सीखने पहुंच रहे बड़ी संख्या में

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हो गया है। छुट्टी लगने के बाद से युवा और बच्चे घर पर अपना पूरा समय बिता रहे हैं वजह यह है कि इन दिनों चिलचिलाती गर्मी के कारण वह कहीं जा भी नहीं पा रहे हैं। कुछ युवा और बच्चे बोरयित दूर करने और फ्री में तैराकी का गुर सीखने भरभड़ी जंगल के अंदर गोंदली धोवा नामक स्थान पर जा रहे हैं। यहां चारों तरफ जंगल और पहाड़ है। यही से पैलीमेटा बांध से निकलने वाला पानी नदी के रूप में साल भर बहते रहता है। गोंदली धोवा में नदी की गहराई 8 से 9 फ़ीट तक है। यहां तैराकी सीखने एवं नहाने का मजा लेने आजकल बच्चे और युवा हर दिन जाने लगे है। सुबह से लेकर शाम तक दर्जनों बच्चो की भीड़ यहां पर देखा जा सकता है।

लगभग 20 साल पहले से भरभड़ी बांध के बाद निकलने वाली नदी के कई जगहों पर जमीन के अंदर से प्राकृतिक श्रोत से पानी निकलता है जिसके कारण नदी में साल भर पानी बहते रहता है। भरभड़ी डेम के बाद एक भी जलश्रोत नहीं होने के कारण गर्मी आते ही नदी सूखने लगती है। विभिन्न वार्डों की नालियों के गंदे पानी को नदियों में छोड़ दिए जाने के कारण गर्मी के दिनों नदी सूख जाती है जिसके चलते तैराकी सीखने की ललक रखने वाले बच्चे गोंदली धोवा की नदी जाते हैं।



### दूर दराज से आने लगे लोग

गोंदली धोवा की नदी में भरपूर पानी होने की जानकारी मिलने पर लोग अब दूर दूर से तैराकी का मजा लेने गोंदली धोवा पहुंचने लगे है। गंडई पंडरिया के अलावा हनईबन, नर्मदा, छुईखदान, लिमो एवं अन्य स्थानों से बाइक सवार गोंदली धोवा पहुंच रहे है। सुबह 6 से शाम 6 बजे तक तैराकी का मजा लेते रहते हैं।

### पिकनिक स्पॉट भी है गोंदली

गोंदली धोवा की प्राकृतिक सुंदरता लोगों का मन मोह लेती है। यहां लोग परिजनों के साथ पिकनिक मनाने पहुंचते है। गोंदली धोवा से लगभग 2 किमी की दूरी पर भवरदाह पहाड़ी है जहां प्रतिवर्ष ज्योत ज्वारा की स्थापना गंडई राज परिवार द्वारा करवाया जाता है। गोंदली धोवा सहित भरभड़ी जंगल के अधिकांश हिस्सों में लोग साल भर पिकनिक मनाने पहुंचते है। पिकनिक के लिए लोग अपने साथ विभिन्न समान ले जाते है और पानी पाउच, डिस्पोजल गिलास, प्लास्टिक थाली, कटोरी, झिल्लियां आदि छोड़ आते है जिससे जंगल बर्बाद होने लगा है।

## श्रद्धा से मनाई सेन जयंती

# शिक्षा से जुड़े और कुरीतियों से दूर रहे सेन समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंबागढ़ चौकी मोहला मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम मुरेटीटोला में सर्व सेन समाज ने जिला स्तरीय संत शिरोमणी सेन महाराज की 724 वीं जयंती पुनित सेन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश सर्व सेन समाज के मुख्य आतिथ्य में मनाया।

जिले के विभिन्न ग्रामों से आए सेन समाज की महिलाओं ने मुरेटीटोला के शीतला माता मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा निकाला जो गांव में भ्रमण करते हुए स्कूल प्रांगण पहुंची। कार्यक्रम स्थल पर समाज के इष्टदेव हनुमान जी व सेन महाराज की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

आतिथ्य स्वागत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ अतिथियों ने सामाजिकजनों को संबोधित किया। जिला अध्यक्ष हंसराज भारद्वाज ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि पुनित सेन ने सामाजिक एकता एवं शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का आव्हान किया। सेन समाज बालोद के जिलाध्यक्ष जगन कौशिक, लोचन सेन, फुलकुंवर भारद्वाज, राजाराम भारद्वाज, नरोत्तम देहारी, ज्ञानचंद्र कुंभज ने भी सम्बोधित करते हुए सेन समाज के योगदान को याद किया। शासन की योजनाओं का लाभ लेकर आर्थिक सुदृढ़ होने का आव्हान किया। सामाजिक शैक्षणिक, सांस्कृतिक खेल व अन्य क्षेत्रों में समाज को रोशन करने वालों को स्मृति चिन्ह, श्रीफल, अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोहित शांडिल्य, गैंदसिंह कोरेटी, दुलारु साहू, बिंझवार सिंह, रामखिलावन चोरिया, मधु साहू सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में हेमंत भारद्वाज, नरेश कुमार भारद्वाज, खेमराज, हेमलाल सेन, संतोष भारद्वाज, योगेश, नंदकुमार भारद्वाज, करण, यश, राजेन्द्र कौशिक, भाऊ, भुनेश्वर भारद्वाज, राजू सेन का योगदान रहा।




## हार्वेस्टर से धान की कटाई

**चिचोला।** अंचल में गरमी में बोए गए धान की फसल पक तक तैयार हो गई है। किसान मजदूरों की कमी को देखते हुए हार्वेस्टर से फसल की कटाई करवा रहे हैं। इन दिनों धान की समर्थन दाम पर खरीदी होने के कारण व्यापारियों को किसान कम दाम पर धान बेच रहे हैं।



पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयां कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### अखंड नवधा रामायण का भव्य आयोजन

**कवर्धा।** कुण्डा दामापुर से लगे ग्राम पावरजली मे 9 दिवसीय चल रहे अखंड नवधा रामायण के समापन समारोह मे क्षेत्र के अनेक मानस मंडलियों ने भाग लेकर रामकथा का रसपान उपस्थित श्रोताओं को कराया। इसी कड़ी मे मानस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें मंचस्त मंडलाइयों को 30 मिनट का समय दिया गया। मंचस्त मण्डली गायन वादन व टिका के माध्यम से राम कथा को विस्तार से समझाया गया। गांव मे लगातार सात वर्षो से आयोजित नवधा रामायण में सभी समाज के लोगों का सहयोग रहा। समापन समारोह में राजपूत क्षत्रिय समाज के केंद्रीय पदाधिकारियों ने अपनी सहभागिता निभाई वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता हरेन्द्र सिंह राजपूत ने की। वहीं आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय व क्षेत्रीय ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### प्रतिबंधात्मक आदेश किया गया जारी

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में भीषण गर्मी एवं तेज धूप की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर जनमेजय महोबे ने एक आदेश जारी कर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक भारवाही पशुओं पर सामग्री रखकर या सवारी हेतु उपयोग करने से अथवा टांगा, बैलगाड़ी, भैसागाड़ी पर वजन ढोने को प्रतिबंधित कर दिया है। यह आदेश पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण परिवहन एवं कृषिक पशुओं पर क्रूरता निवारण नियम 1965 के नियम 6(3) के तहत जारी किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर ने वनमंडलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार, जनपद पंचायतों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों तथा उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया है।

### व्यापमं की परिक्षओं की तिथि संशोधित

**कवर्धा।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए व्यापमं ने अपनी विभिन्न प्रवेश परीक्षा की तारीख में संशोधन किया है। इसमें 12 पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा शामिल है। परीक्षा 9 जून से शुरू होगी। विभिन्न प्रवेश व पात्रता परीक्षा की तारीख में संशोधन के सबंध में व्यापमं ने अपनी वेबसाइट में सूचना पत्र अपलोड किया है।

### सेमेस्टर परीक्षा का श्रीगणेश 17 मई से

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विश्व विद्यालय ने सेमेस्टर परीक्षा मई-जून 2024 के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। प्रवेश पत्र को संबंधित विद्यार्थी विवि की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। सेमेस्टर परीक्षा 17 मई से शुरू हो रही है, जो सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक होगी। परीक्षा संबंधित डिटेल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दी गई है।

**अनदेखी:** करीब 14 वर्ष पूर्व जारी किया गया था आदेश, पर धरातल पर कुछ नहीं

# अल्प व खण्ड वर्षा को देखते हुए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग हो अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले की भौगोलिक स्थिति के चलते होने वाली अल्प व खण्ड वर्षा के चलते साल दर साल गिरते जल स्तर और उस पर बढ़ते गन्ना के रकबे के साथ बड़ी बेरहमी से बोर मशीन द्वारा धरती की छाती छलनी कर किए जा रहे पानी के दोहन को देखते हुए निश्चित रूप से ये कहना गलत नहीं होगा कि पानी के मामले में कबीरधाम जिले का भविष्य ठीक नहीं है। संभवतः यही वजह है कि वर्ष 2019-20 में जिला प्रशासन के तात्कालिक मुखिया ने इस बात पर चिंता जताते हुए पहले जिले की भौगोलिक स्थिति को सुधारने सघन पौध रोपण करने फिर गन्ना उत्पादक किसानों से गन्ना के रकबे को कम करने और भू-गर्भ जल की रिचार्जिंग को विशेष ध्यान में रखते हुए जिले के सभी निजी संस्थानाओं स्कूल, अस्पताल, वाणिज्य भवन, रिहायशी कालोनियां, टॉउन शिप कालोनियों और औद्योगिक ईकाइयों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य करने का फरमान जारी किया था। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि प्रशासन ने सिर्फ इस गंभीर विषय को लेकर सिर्फ चिंता जाहिर की, इस पर अमल करने आज पर्यत कोई विशेष कदम नहीं उठाए गए। नतीजन यह शानदार पहल सिर्फ पहल होकर रह गई। उल्लेखनीय है कि तात्कालिक कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने जिले के सभी नगरीय निकायों और नगर पंचायत के अधिकारियों को नगरीय निकाय क्षेत्रों के सभी शासकीय कार्यालयों, निजी और रिहायशी कालोनियों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग स्थापित है कि नही, है अथवा स्थापित है तो क्रियाशील है कि नहीं है, इसका सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। उस समय संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों ने कलेक्टर के इस आदेश पर अमल करते हुए बकायदा सर्वे कर डेटा भी संकलित किया था और रिपोर्ट भी पेश की थी लेकिन इसके बाद श्री शरण का स्थानांतरण हो गया और वे यहां से चले गए। लेकिन इतना साफ है कि कबीरधाम में पानी को लेकर श्री शरण की चिंता बिलकुल सही थी। उनकी इस पहल के आज करीब 14 सालों बाद इसके कई दुष्परिणाम भी सामने दिखाई देने लगे हैं। जिले के कई ईलाकों में भीषण गर्मी के चलते तेजी से जल स्तर नीचे गिर रहा है और इसमें साल दर साल तेजी आ रही है। माना जा रहा है कि अगर करीब 14 साल पूर्व प्रारंभ की गई रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की अनिवार्यता को कड़ाई से जिले में लागू कि या जाता तो निश्चित रूप से आज जिले में पानी के मामले में हालात कुछ और होते।



### कहते हैं देर आए दुरूस्त आए

लेकिन कहते हैं देर आए दुरूस्त आए, इस लिहाज से अभी भी कुछ नहीं बिगड़ा है और शासन प्रशासन को जिले की भौगोलिक स्थिति के चलते होने वाली अल्प व खण्ड वर्षा के साथ जिले में पानी की खपत को देखते हुए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की दिशा में एक बार फिर पहल करनी चाहिए और इसे गंभीरता से लेते हुए इस बार वर्षा ऋतु में इसे अनिवार्य कर देना चाहिए।

### लोगों में इच्छा शक्ति का भी होना जरूरत

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के निजी संस्थानाओं, स्कूल, अस्पताल, वाणिज्य भवन, रिहायशी कालोनियां, टॉउन शिप कालोनियों और औद्योगिक ईकाइयों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की दिशा में यह कोई पहला प्रयास नहीं हैं। इससे पूर्व भी शासन-प्रशासन के निर्देशों पर यह कवायद की जा चुकी है। आज भी जिला मुख्यालय कवर्धा के कई सरकारी दफ्तरों व संस्थाओं में बड़ी राशि खर्च कर लगवाए गए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम देखे जा सकते हैं। लेकिन संबंधित विभाग व संस्थाओं के जिम्मेदारों ने इस व्यवस्था पर कभी इच्छा शक्ति नहीं दिखाई यही वजह है कि आज रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कबाड़ हो चुके हैं और कोई काम के नहीं रह गए हैं। हां कुछ स्कूलों में जरूर वहां के जागरूक शिक्षकों की बदौलत यह सिस्टम काम कर रहा है।

# ग्रामीण से चाकू की नोक पर लूटपाट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार




- जिले में लगातार बढ़ रहे आसामाजिक, आपराधिक और शरारती तत्वों हौसले

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में आसामाजिक, आपराधिक और शरारती तत्वों के हौसले लगातार बुलंद हो रहे हैं और अब वे सरेआम लूटमार जैसी बारदातों को भी अंजाम देने में कोई गुरेज नहीं कर रहे हैं। ताजा मामला भोरमदेव थाना क्षेत्र का है जहां दो लोगों ने मिलकर एक राह चलते व्यक्ति को चाकू की नोक पर लूट लिया और उसे जान से मारने की घमकी भी दी।

घटना के बाद पीड़ित द्वारा घटना की जानकारी भोरमदेव थाना में दिए जाने के बाद पुलिस ने सीसी टीबी की मदद से दोनो आरोपियों को दबोच लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलासपुर रोड स्थित शराब दुकान के पास से प्रार्थी संतोष कुमार बंजारे कहीं जा रहे थे इसी दौरान कवर्धा निवासी आदतन बदमाश विवेक और अमर ने संतोष का रास्ता रोक लिया और अपने पास रखा चूका दिखाकर उससे न सिर्फ लूटपाट की बल्कि उसे शिकवा शिकायत करने पर जान से माने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने क्षेत्रीय थाना भोरमदेव में पूरे मामले की रपट दर्ज कराई।

जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 394, 397, 294, 506 क्च, 34 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया और घटना स्थल के आसपास लगे सीसी टीबी कैमरों से प्राप्त फुटेज के आधार पर आरोपी विवेक और अमर को गिरफ्तार कर लिया।

# भीषण गर्मी में नदी नाले भी छोड़ने लगे लोगों का साथ

## हाफ नदी में पानी कम होने से बढ़ रही समस्या



- वनांचलों में भी गहराने लगी पानी की समस्या, वनवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

मई माह के शुरूआती दिनों में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते अंचल के अधिकांश नदी, नाले, तालाब तथा दूसरे जल स्त्रोत लोगों का साथ छोड़ चुके हैं। जिसके चलते लोगों के सामने निस्तारी की गंभीर समस्या खड़ी हो रही है।

सार्वधिक परेशानी वनांचल ईलाकों के बासिंदों को उठानी पड़ रही है। क्योंकि इन ईलाकों में बसे कई गांव के लोग पेयजल से लेकर निस्तारी के लिए नदी, नाले, तालाब तथा दूसरे जल स्त्रोतों पर ही निर्भर रहते हैं लेकिन गर्मी में जल स्त्रोतों के समाप्त होने के साथ हीं इन्हें पानी की व्यवस्था के लिए यहां वहां भटकना पड़ रहा है। आलम ये है कि मवेशियों की प्यास बुझाने उन्हें कई किलो मीटर दूर ले जाना पड़ रहा है। यही हाल विकासखण्ड पंडरिया से बहने वाली हाफ नदी के किनारे बसे दर्जनो ग्रामों के बासिंदों का है।

जानकारी के मुताबिक मई माह के इन दिनो में अंचलवासियों के लिए जीवनदायनी मानी जाने वाली हाफ नदी भी दम तोडने लगी है। जिसके चलते ग्राम कुण्डा, अंखरा, खम्हरिया, गुंझेटी, केशली, केशलमरा, रेंगाबोर्ड, दुल्लापुर, कुबा, हथमुड़ी, पेण्ड्री, माकरी, खैलटुकरी, दुल्लीपार, टाटाकसा, महुआ, मड़वा, दामापुर सहित हाफ नदी के किनारे बसे करीब 50 गांव के बासिदों के सामने भीषण गर्मी में निस्तारी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है।

ग्रामीणों ने बताया कि नदी का एक बड़ा हिस्सा सूख चुका है और धार लगातार बदली होते जा रही है। इस स्थिति में मवेशियों को नहलाने, धुलाने तथा पानी पीलाने परेशानी हो रही है और उन्हें अपने पेयजल में कटौती करनी पड़ रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि आसपास कोई जलाशय नहीं होने तथा नदी में पानी छोडने की व्यवस्था नहीं होने के कारण अब उन्हें मानसून तक ऐसी ही समस्या का सामना करना पड़ेगा। कुल मिलाकर देखा जाए तो गर्मी के मौसम ने लोगों की परीक्षा लेना शुरू कर दिया है। ।

# बाजार में बिक रहा फलों का राजा आम लोगों की सेहद के लिए कितना सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

इन दिनो नगर के बाजार में फलों के राजा आम की बहार है। फल दुकानो में अलग-अलग वैराइटी के दशहरी, सफेदा, चौंसा, कलमी, नीलम से लेकर केसरी और अन्य कई किस्मो के आम दो सौ रूपए प्रति किलो से लेकर डेढ़ सौ और सौ रूपए प्रति किलो के भाव में बिक रहे हैं जिनकी लोगों द्वारा खूब खरीदी भी की जा रही है। दशहरी आम का स्वाद और उसकी मिठास खाने वालों को अपना मुरीद बना देती है। यही वजह है कि आम खाने के शौकीन लोग पूरे साल गर्मियों का इंतजार करते है। आम स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद फल है, इसमें विटामिन सी, डी के अलावा कई पौषक तत्वा होते हैं। लेकिन आम के ये गुण खाने वालों को तभी मिल पाते हैं जब वह प्राकृतिक रूप से पका हुआ हो। तो सवाल यह उठता है कि क्या इस समय बाजार में जो आम बिक रहे हैं वह प्राकृति रूप से नहीं पके हैं। सूत्रों की माने तो इस बात पर आशंका जताई जा रही है कि बाजार में बिक रहे ज्यादा तर आमो को कृतिम रूप से एथलीन और कार्बेट जैसे केमिकल लगाकर पकाया जा रहा है जो लोगों की सेहद के लिए बेहद खतरनाक है। जानकारों का मानना है कि एथलीन और कार्बेट जैसे केमिकल लगाकर पकाए गए आमों के सेवन से कैंसर जैसी बीमारी हो सकती है। दुर्भाग्य का विषय है कि इस और जिला खाद्य विभाग भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है और नगर में इस तरह के खतरनाक कैममिकल से पकाए गए आम तथा दूसरे फल धड़ल्ले से बेंचे जा रहे हैं। इनके लोगों की सेहद पर घातक परिणामों को देखते हुए बेहतर होगा कि प्रशासन तथा खाद्य विभाग इसकी सुध ले और फलों के नमूने लेकर इनकी जांच कराए ताकि लोगों की सेहद के साथ खुले आम हो रहे खिलवाड़ को रोका जा सके।



# वनवासियों को वितरित की चरण पादुकाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭चिल्फीघाटी

वनांचल के ग्राम, बोक्करखार, महलीघाट, शंभूपीपर व आमापानी के जरूरतमंद बैगा बच्चों व बुजुगों को जूते चप्पल वितरण किया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल के नेतृत्व में बोड़ला के को युवाओं ने सेवा परमो धर्मः के भाव को लेकर अच्छी पहल की है। दिन का पारा 40 डिग्री है। वहीं जंगलों में निवास करने वाले वनवासियों के पैरों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानकर यह जनहित कार्य किया गया। नितेश अग्रवाल ने बताया कि बैगा आदिवासी वनोपज संग्रहण का काम कर रहे हैं। इसके चलते उनके पैरों में कई तरह की समस्या आती है। इससे निजात' दिलाने के लिए वनवासी बैगा आदिवासियों के बच्चों व बुजुर्गों चरण पादुका वितरण कर राहत देने की कोशिश की गई है।

## तेंदूपत्ता तोड़ाई...



**कवर्धा।** जिले के वनांचलों में गत पांच मई से तेंदूपत्ता तोड़ाई कार्य किया गया प्रारंभ।

**अंचल के सब्जी उत्पादक किसानों और शासन से मिल रही सुविधाओं का परिणाम**

# तेज गर्मी के बावजूद हरि सब्जियों के दामों में नरमी



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अमुमन ग्रीष्म ऋतु में एक तो हरी सब्जी की आवक बेहद कम होती है और उस पर भी उनके दाम काफी ज्यादा होते हैं। लेकिन इसे नगर के लोगों की खुशकिस्मती ही कहें की अंचल के सब्जी उत्पादक किसान और ग्रामीण उन्हें न सिर्फ इस भीषण गर्मी में हरी व ताजा सब्जी उपलब्ध करा रहे हैं बल्कि किफायती व कम दामों में। जी हां ग्रीष्म ऋतु के इस दौर में कवर्धा नगर हरी और ताजा सब्जियों की किस्मों से अटा पड़ा है। जिसकी खरीदी के लिए हर रोज सब्जी बाजार में लोगों का रैला भी देखा जा सकता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इन दिनो सब्जी बाजार में भिंडी, लोकी, चुटचुटिया, तोरई, बरबट्टी, कद्दू, कुंदरू, भांटा, की भरमार है और ये सभी सब्जी मात्र 20 से 40 रूपए किलो में बिक रही है। इसके अलावा पत्तेदार सब्जियों की बाद की जाए तो लाल भाजी, चौलई भाजी, पालक भाजी, खेड़ा भाजी, कांदा भाजी, घोलो भाजी, अमारी भाजी, चैंच भाजी जैसी भाजियों की भी अच्छी आवक बनी हुई है। बाजार में ये तमाम भाजी 10 रूपए में तीन-चार जूरी के हिसाब से खूब बिक रही है। यही स्थिति धनिया पत्ती आरैर हरी मिर्ची की भी है तो अभी बाजिब दामों में उपलब्ध हो रही है। माना जा रहा है कि यह अंचल के सब्जी उत्पादक किसानो की मेहनत का ही नतीजा है जो लोगों को भीषण गर्मी के इस दौर में भी किफायती दामों में हरी सब्जियां भरपूर मात्रा में उपलब्ध हो रही है। स्थानीय सब्जी उत्पादक किसानों ने बताया कि सिंचाई के साधन उपलब्ध होने के कारण उनके द्वारा अपनी बाडियां में सब्जी का उत्पादन किया जा रहा है। जिसके चलते बाजार में लोकल बाड़ी से निकलने वाली सब्जी की अच्छी आवक बनी हुई और उनके दाम भी कम हैं।

### बाहरी सब्जियों के दामों में उछाल

लोकल बाड़ी से निकलने वाली सब्जियों के विपरीत अगर बाहरी सब्जी की बात की जाए तो उनके दामों में भारी उछाल देखने को मिल रहा है। इन दिनो बाजार में परबल 60 रूपए, करेला 50 रूपए, फूल गोफी 60 रूपए टिंडा 80 रूपए, शिमला मिर्च 60 रूपए किलो के भाव से बिक रही है।

### बाहरी टमाटर भी सस्ता

इस भीषण गर्मी में भले ही लोकल बाड़ी का टमाटर नगर के सब्जी बाजार से नदारत है लेकिन बाहरी टमाटर की खेप बड़ी मात्रा में पहुंच रही है और 30 रूपए में डेढ़ किलो के भाव से बिक रहा है जो निश्चित रूप से लोगों के लिए बड़ी राहत की बात है।

# बोर्ड परीक्षा के परिणाम के संबंध में पालक-शिक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में पालक शिक्षक एवं विद्यार्थियो का बोर्ड परीक्षा के परिणाम के संबंध में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में प्राचार्य आरपी सिंह द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया उन्होंने कहा कि कोई भी परीक्षा परिणाम अंतिम नहीं होता इसे स्वीकार कर आगे रणनीति बनाकर सुधार किया जा सकता है उन्होंने उम्मीद व्यक्त किया कि इस विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं अच्छे नंबर से उत्तीर्ण होंगे यदि किसी कारणवश बच्चों का परिणाम आशा अनुकूल नहीं रहा तो बोर्ड परीक्षा द्वारा उन्हें अवसर परीक्षा के रूप में एक अवसर प्रदान किया जाता है जिसमें छात्र पुनः लगन से पढ़ाई कर सफलता प्राप्त कर सकते हैं उन्हें किसी भी प्रकार से निराश होने की आवश्यकता नहीं है। यदि किसी विद्यार्थी को परीक्षा परिणाम से संतुष्टि नहीं है तो वह छात्र-छात्राएं 15 दिवस के अंदर पुनर्गणना पुनर्मूल्यांकन एवं उत्तर पुस्तिका प्राप्त करने हेतु माध्यमिक शिक्षा मंडल के वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन दसवीं कक्षा के कक्षा शिक्षक नंद कुमार सोनी द्वारा किया गया उन्होंने भी विद्यार्थियों को सफलता और असफलता के बारे में चिंतित होने की आवश्यकता नहीं होने पर जोर दिया। पालक शिक्षक विद्यार्थी बैठक में विद्यालय की व्याख्याता आनंद शर्मा, अशोक कुमार गुप्ता, मार्तंड सिंह राजपूत, रविंद्र चंद्रवंशी, शकीला कुरैशी, श्रीमती कीर्ति वर्मा ने भी विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम को लेकर चिंतित नहीं होने के बारे में समझाईश प्रदान किया। बैठक में पालक गण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहकर बातों को ध्यान से सुना एवं अच्छे नंबर से पास होने का उम्मीद व्यक्त किया।



## सार समाचार



राजनांदगांव। हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना के विजेता पाठकों को उपहार प्रदान करते हुए ब्यूरो प्रमुख सचिन अग्रहरि।

### नाबालिग से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ करने के एक मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत 6 मई को थाना में एक नाबालिग बालिका ने लिखित आवेदन दिया कि आरोपी गोविंदा कोसरे निवासी गिधवा द्वारा 29 अप्रैल व 4 मई के मध्य रात्रि नाबालिग पीड़िता के घर के छत पर जाकर छेड़छाड़ कर जान से मारने की धमकी दिया है व पीड़िता जब रिपोर्ट लिखाने पुलिस थाना जा रही थी, तब पुनः आरोपी द्वारा पीड़िता को बलपूर्वक रोका गया था। पीड़िता के लिखित आवेदन पर थाना घुमका में आरोपी गोविंदा कोसरे के विरूद्ध धारा-354, 354(क), 354(घ), 456, 506, 509, 341 भादवि 8, 10, 12 पाक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई-** घुमका पुलिस द्वारा आरोपी को ग्राम गिधवा से 6 मई को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष रिमांड हेतु पेश किया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना घुमका से थाना प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पम्मार, उप निरीक्षक विक्रात सुरेश कुमार सिंह, खेदूराम उइके, सहायक उपनिरीक्षक कोदूराम नागवंशी, प्रधान आरक्षक विजयराज सिंह, आरक्षक सीपी साहू, गोवर्धन कंवर, केयूर भूषण, यशवंत बंजारे की भूमिका सराहनीय रही।

### धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** फर्जी ऋण पुस्तिका दिखाकर जमीन का सौदा कर धोखाधड़ी किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी हेमशंकर चंद्राकर निवासी ग्राम दीवानभेड़ी तहसील डोंगरगांव ने 16 फरवरी को थाना में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 2 फरवरी 2019 से 8 मई 2023 के मध्य आरोपी प्रदीप कुमार उर्फ संजय उम्र 52 वर्ष साकिन स्टेशनपारा गोरेलाल चाल हाल पांडुरंग कॉलोनी द्वारा कौरिनभांठा प.ह. नं. 41 गांधी नगर राजनांदगांव से लगा हुआ जमीन को अपना बताकर फर्जी ऋण पुस्तिका दिखाकर प्रार्थी से 20,00000 रुपए में सौदा तय किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

पृष्ठ 3 का शेष

### परिवहन की आड़ में...

सरपंच हथरा, उपाध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि बालचंद कोरेटी, कोषाध्यक्ष पूर्व सरपंच सरोली मन्नूलाल राना, सचिव प्रकाश कोमरे मुरारगोटा निवासी पुलिस की जांच में अब तक दो-दो खदान से मालवाहक ट्रैकों को लौह अयस्क का पर्ची काटकर कितना लोडिंग दिलाया गया, इसका सही हिसाब नहीं दे पा रहे हैं।

## आबकारी महकमे के अफसरों के संरक्षण में चल रहा गोरखधंधा

# ओवर रेट बिक रही शराब, सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होते ही मची खलबली

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नई सरकार आने के बाद शराब शौकिनों को बढ़े हुए रेट के अलावा अब मनपसंद ब्रांड का शराब लेने अतिरिक्त पैसा देना पड़ रहा है। बीते दिनों सोशल मीडिया में बढ़े हुए दाम से इतर अलग दाम पर शराब खरीदने का मामला वायरल होने के बाद पता चला कि शहर के सरकारी शराब दुकान में चेहरा देखकर शराब का दाम तय किया जा रहा है। बोतल पर अंकित तय दाम से तीस से पचास रुपए ज्यादा लिया जा रहा है और यह सब होली त्यौहार के आसपास से चालू है।

पहले त्यौहार उसके बाद लोकसभा चुनाव में दुकान से ओवर रेट शराब बेचने का खेल धड़ल्ले से जारी है, जिस हिसाब से दुकान में ओवर रेट का खेल चालू है। वह यह बताने के लिए काफी है कि यहां के कर्मचारियों को आबकारी विभाग की शह मिली हुई है। एक ओर शराब शौकिन दुकान में ओवर रेट से परेशान हैं। वहीं दूसरी आरे भीड़ में जेब कटने या मोबाईल पार होने से भी हताश हो गए हैं।

#### अफसरों के इशारे पर खेल

शराब खरीदने पहुंचे लोगो ने बताया कि अंग्रेजी शराब दुकान के काउंटर से चेहरा देखकर शराब का दाम लिया जा रहा है। ग्रामीण इलाके के लोग महंगे दर में शराब खरीदने वाले उनके आसान ग्राहक हैं, जो इसका विरोध भी न कर पाते और ज्यादातर लोग बदनामी के डर से दुकानदार से उलझना नहीं चाहते। इसका फायदा शराब दुकान के कर्मचारी उठा रहे हैं या उन्हें शह देने वाले अधिकारी किसी को नहीं पता, लेकिन साधारण सी बात है कि जिस दुकान से रोज लाखों रुपए की शराब बिक्री होती हो, वहां का कर्मचारी बिना किसी शह के अपनी मनमर्जी नहीं कर सकता।



#### सोशल मीडिया में वायरल

कर्मचारियों का कहना है कि ओवर रेट मे शराब बेचने उन पर दबाव है। वीडियो वायरल होने से मामले ने काफी तूल पकड़ लिया है। दुकान से निकलने के बाद शराब शौकिन बता रहा कि उसे 170 प्रिंट वाली शराब को 200 रूपए में दिया गया है। भीड़ के चलते काउंटर में इस संबंध में सवाल-जवाब नहीं कर पाया।

#### नोटिस जारी

वीडियो के माध्यम से ओवर रेट में शराब बेचने की जानकारी मिली है। दुकान प्रभारी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। - **डिगेश देवांगन,** जिला आबकारी अधिकारी

#### नौकरी जाने के भय से साधी चुप्पी

बीते साल सितंबर महीने में कमीशनबाजी से परेशान जिले के सातों दुकान के सुपरवाईजरों ने दो घंटे दुकान बंद कर दिया था। विधायक यशोदा वर्मा को भी कमीशनबाजी और दबाव को लेकर भी पीड़ा बताई थी, लेकिन उन्हें ही काम से निकाल दिया गया। उस वक्त उनकी नाराजगी प्लेसमेंट एजेंसी के एलओ पर थी, लेकिन अब कर्मचारी आबकारी विभाग के कतिपय अधिकारियों से परेशान है और नौकरी से निकाल देने या ट्रांसफर के डर पर चुप्पी साधे हुए हैं।

वहीं इसी साल फरवरी महीने में साल्हेवारा, मुढ़ीपार के कंपोजिट सुपरवाइजर, खैरागढ़, छुईखदान व गंडई के देश-विदेशी शराब दुकान के कर्मचारियों ने भी विभाग से निकाले कर्मचारी द्वारा दुकान चेक कराने और अनावश्यक माईनस निकालने की शिकायत विभाग के बड़े अधिकारियों से कर बताया था कि कमीशन नहीं देने पर काम से निकालने की धमकी दी जा रही है।

## बाल भारती स्कूल में प्रवेश प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाल भारती पब्लिक इंग्लिश व हिन्दी मीडियम शाला बल्देवबाग राजनांदगांव में नए सत्र 2024-2025 के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। जिसमें कक्षा नर्सरी से 12वीं तक किसी भी प्रकार का एडमिशन शुल्क नहीं लिया जा रहा है।

बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते शिक्षण हेतु कक्षा 9वीं से 12वीं तक विशेष अनुभव रखने वाले सभी शिक्षक भिलाई से शाला में आकर मुख्य विषय गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, खाता, अर्थशास्त्र, बीएसटी आदि विषय पर अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं। इसके साथ ही शाला परिसर में एनईईटी और जेईई की कक्षाएं संचालित की जाती है। समस्त कक्षाओं में स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से अध्यापन कराया जाता है।

शाला द्वारा संचालित हिन्दी माध्यम की कक्षाएं 1ली से 6वीं तक संचालित की जा रही है। राजनांदगांव में यह मात्र ऐसी संस्था है। जिसमें न्यूनतम शैक्षणिक शुल्क कक्षा 1ली, 2रीं व 3री मात्र 5000 रुपए वार्षिक व कक्षा 4थी, 5वीं व 6वीं मात्र 6000 रुपए वार्षिक शैक्षणिक शुल्क लेकर बच्चों को बेहतर शिक्षा का वातावरण प्रदान किया जा रहा है, ताकि बच्चों का बौद्विक व शारीरिक विकास हो सके।

## आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन 10 तक आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जालबांधा

आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में सत्र 2024- 25 के लिए प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन 10 अप्रैल से 10 मई तक आमंत्रित की जा रही है। इसी परिपेक्ष में प्रवेश के लिए आवेदन करने की तिथि को 10 मई तक बढ़ा दिया गया है। लाटरी द्वारा सीट आबंटन 11 मई से 15 मई तक किया जाएगा।

चयनित बच्चों के एडमिशन की अन्य प्रक्रिया 16 से 20 मई तक की जाएगी । यह जानकारी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम जालबांधा के प्राचार्य ने दी।

## न्याय के लिए चक्कर काट रहा फरियादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

झोपड़ी टूटने से बेघर हुआ डोंगरगढ़ क्षेत्र का प्रकाश यादव लगभग 8 माह से न्याय की आस लिए दफ्तरों की खाक छान रहा है, लेकिन उसे अब तक आश्वासन के सिवा कुछ भी नहीं मिला है। आज उसने राजनांदगांव कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर एक बार फिर अपनी तंग हालातों का हवाला देकर न्याय के लिए गुहार लगाई है।

राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 8 बधियाटोला में लगभग 10 वर्षों से प्रकाश यादव अन्य लोगों की तरह ही शासकीय भूमि पर एक झोपड़ी बनाकर निवास कर रहा था। लगभग आठ माह पहले गणेश पक्ष के दौरान उसकी झोपड़ी को अतिक्रमण बताते तोड़ दिया गया। इसके बाद से न्याय की आस लिए प्रकाश यादव दफ्तरों की खाक छान रहा है। आज राजनांदगांव कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे प्रकाश यादव ने बताया कि जब वह गणेश विसर्जन के लिए गया था, तब पार्षद पति जयेश सहारे ने बिना सूचना के जेसीबी से उसका मकान तोड़ दिया। प्रकाश यादव ने बताया कि पार्षद पति नगर पालिका परिषद में दैनिक वेतनभोगी के रूप में कार्यरत भी है। जिसके चलते उसने सिर्फ उसके मकान को ही जेसीबी से तुड़वा दिया है। जबकि शासकीय भूमि पर उसी



जगह में अन्य लोगों के मकान अभी भी मौजूद हैं। पीड़ित प्रकाश यादव ने कहा कि मामले की शिकायत करने पर अधिकारी हमारे द्वारा मकान नहीं तोड़े जाने की बात कहते हैं और दोबारा मकान बनवाने का आश्वासन भी देते हैं, लेकिन 8 माह बीत जाने के बाद भी अब तक इस ओर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं उन्होंने कहा कि मामले की शिकायत करने पर अब उसे पार्षद द्वारा छेड़छाड़ के आरोप में फंसाया जा रहा है।

## तीन नाबालिगों को रेसुब ने किया बरामद

- कोतवाली थाना को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बिना बताए घर से शहर की तीन नाबालिग निकल गई थी, जिन्हें आपरेशन प्रहरी के तहत रेलवे स्टेशन में रेलवे सुरक्षा बल के स्टाफ ने चेकिंग के दौरान पकड़ा, जिन्हे परिजनों को सुपुर्द करने के लिए कोतवाली थाना को सौंपा गया है। मिली जानकारी के अनुसार 5 मई को पुलिस थाना कोतवाली से रेलवे सुरक्षा बल को सूचना प्राप्त हुई कि राजनांदगांव के लखोली एरिया की 3 नाबालिग लड़की घर से सुबह लगभग 12 से बिना बताए निकल गई है।

#### चेकिंग के दौरान तीनों स्टेशन में मिली

उक्त सूचना पर मंडल सुरक्षा आयुक्त रे.सु.ब. नागपुर दीपचंद्र आर्य के निर्देशन में तुरंत महिला प्रभारी निरीक्षक तरूणा साहू द्वारा हमराह बल सदस्यों के साथ रेलवे स्टेशन राजनांदगांव परिसर में गहनता से चेकिंग की जा रही थी। स्टेशन में चेकिंग के दौरान प्लेट फार्म क्रमांक 2 में अक्षिता के पास तीन लडकियां संदिग्ध अवस्था में अकेली बैठी हुई पाई गई। जिनसे पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपना नाम निवासी राजनांदगांव बताया और आगे की पूछताछ में कुछ नहीं बता पा रही थी। इसी दौरान स्थानीय पुलिस थाना कोतवाली के स्टाफ एवं एक लड़की की मां राजनांदगांव स्टेशन में आए, जिनके द्वारा लड़कियों की पहचान की गई।

#### किया गया सुपुर्द

उक्त तीनों नाबालिग लड़कियों की पहचान कोतवाली पुलिस को प्राप्त शिकायत की लड़कियों के रूप में की गई। उक्त तीनों नाबालिग लड़कियों को वेरीफिकेशन उपरांत स्थानीय पुलिस कोतवाली को सुपुर्द किया गया। इस दौरान लड़कियों के परिजन भी उपस्थित थे। जिनके द्वारा रेसुब पोस्ट राजनांदगांव का आभार व्यक्त किया गया।

## स्वास्थ्य शिविर का उठाया लाभ

- संजीवनी लाइफ साइंस आयुर्वेद एडवांस केरल चिकित्सालय का आयोजन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ का एकमात्र केरल एडवांस आयुर्वेद चिकित्सालय की छत्तीसगढ़ में एक अग्रणी हास्पिटल के रूप में पहचान बन रही है, जहां अनुभवी चिकित्सकों द्वारा मरीजों का बेहतर आयुर्वेद पद्धति से इलाज किया जाता है।

आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का सुविधा व लाभ राजनांदगांव के आसपास के अंचल की जनता को संपूर्ण रूप से मिल सके, इस उद्देश्य से संजीवनी लाईफ साइंस आयुर्वेद एडवांस केरल राजनांदगांव द्वारा समय-समय पर निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श व चिकित्सा शिविर



का आयोजन किया जाता है। संजीवनी लाईफ साइंस आयुर्वेद एडवांस केरल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व परामर्श शिविर का आयोजन 2 से 6 मई तक किया गया। जिसमें लगभग 400 से अधिक मरीजों ने निःशुल्क चिकित्सा व चिकित्सा परामर्श लेकर लाभान्वित हुए।




## ब्राम्हण समाज ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रामायण प्रचारक समिति के पूर्व कोषाध्यक्ष स्व. पं. मधु दुबे के निधन पर छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राम्हण सभा द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष शरद तिवारी ने बताया कि स्व. मधु दुबे विगत 14 वर्षों तक रामायण प्रचारक समिति और लगभग 10 वर्षों से छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण सभा के कोषाध्यक्ष पद पर रहे हैं। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में शरद तिवारी, मिथलेश शुक्ला, विनोद शुक्ला, अभ्युदय पांडेय, अशोक पांडे, पोषण शुक्ला, नीरज शुक्ला, अरविंद तिवारी, महेन्द्र शुक्ला, अशोक तिवारी, आलोक तिवारी, नवीन शर्मा, सौरभ तिवारी, संजय तिवारी, अनूप शर्मा, नितिन शुक्ला, शुभांशु तिवारी, विभोर तिवारी, राहुल मिश्रा, अजय शर्मा, प्रशांत दुबे, विष्णु नंद चौबे आदि उपस्थित थे।

## पशुओं का उपचार नहीं कर रहे चिकित्सक, घेरा विभाग का दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के गौ सेवकों ने राजनांदगांव पशु विभाग कार्यालय का घेराव करते पशु चिकित्सकों के फील्ड में नहीं जाने को लेकर नाराजगी व्यक्त की है। व्यवस्था नहीं सुधरने पर आंदोलन किए जाने की भी चेतावनी दी है। बीते दिनों चिकित्सकों के मौके पर नहीं पहुंचने की वजह से एक गाय और उसके नवजात बछड़े की मौत हुई थी।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के गौ सेवकों ने शुक्रवार को राजनांदगांव के पशु विभाग कार्यालय का घेराव करते ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि गौ रक्षकों द्वारा पशु चिकित्सकों को किसी भी आपात स्थिति में बुलाने पर डॉक्टर मौके पर नहीं पहुंचते हैं। फील्ड में जाने के लिए चिकित्सक बहाना बनाते हैं।

#### पशुओं को अस्पताल पहुंचाते हैं गौ सेवक

राजनांदगांव के पशु चिकित्सालय में भी पशुओं के लिए व्यापक सुविधा नजर नहीं आती है। वहीं एक्सीडेंट और अन्य स्थिति में लोग गौ सेवकों को सूचना देते हैं। गौ सेवकों द्वारा मौके पर जाने के बाद गौ रक्षा के लिए डॉक्टर को सूचित करने के बाद भी डॉक्टर मौके पर नहीं पहुंचते हैं। अधिकांश गौ सेवक गाय को अस्पताल तक पहुंचाते हैं। ऐसे में त्वरित उपचार नहीं मिलने की वजह से पशुधन की मौत के मामले भी बढ़ रहे हैं, जिसे देखते हुए गौ सेवकों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की है और पशु चिकित्सा अधिकारी से चिकित्सकों को निर्देशित कर व्यवस्था सुधारने को लेकर मांग की है। वहीं लापरवाही बरतने वाले डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने को लेकर भी गौ रक्षकों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है। वहीं ज्ञापन में नामजद पशु चिकित्सकों के रवैया से विभाग को अवगत कराया है।

**इलाज के अभाव में दम तोड़ रही गाय-** बजरंग दल के प्रांत गौरक्षक प्रमुख प्रशांत दुबे ने कहा कि बीते दिनों गौ रक्षकों के बुलाने पर भी चिकित्सक मौके पर नहीं पहुंचे। जिससे एक नवजात बछड़े और गाय की मौत हो गई।

उन्होंने कहा कि डॉक्टर एरिया का बहाना भी बनाते हैं। गौ रक्षकों के बुलाने पर डॉक्टर यह मेरा एरिया नहीं है, कहकर भी अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सक अपने दफ्तर से बाहर ही नहीं निकलते हैं। उन्होंने अपने ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी देते कहा है कि अगर स्थिति नहीं सुधरी तो गौ सेवकों द्वारा आंदोलन किया जाएगा। वहीं इस पूरे मामले में पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक अनूप चटर्जी ने कहा कि संबंधित चिकित्सकों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया जाएगा।




# हज्जे बैतुल्लाह जाने वाले जायरीनों को दिया गया प्रशिक्षण

- राजनांदगांव से 51, कबीरधाम से 12 तथा केसीजी से 3 हाजी हज्जन करेंगे मक्का मदीने की जियारत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के तत्वावधान में प्रशिक्षण शिविर में सन 2024 में हज यात्रा पर जाने वाले आजमीनों को होटल एबीस ग्रीन में हज का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें लोगों को हज कमेटी द्वारा किए गए इंतजाम और कुछ तब्दीलियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में हज्जे बैतुल्लाह जाने वाले जायरीनों ने प्रशिक्षण लिया। शिविर का शुरूआत मास्टर्स ट्रेनर्स एवं सदस्य हज कमेटी कारी इमरान अशरफी साहब किबला ने तिलावते कुरान से की। हज यात्रियों को संबोधित करते राज्य हज कमेटी के कार्यपालन अधिकारी सचिव डॉ. साजिद अहमद फारूकी द्वारा हज यात्रा के इंतजामात का विस्तृत विवरण देते हज यात्रियों को मुबारकबाद दी।



इसमें हज ट्रेनर हाजी सैय्यद सलीम अशरफ द्वारा हज की एहमियत और उसे सही ढंग से करने का तरीका वीडियो पॉवर पाइंट द्वारा एक-एक बिन्दु को गहनता से समझाया। इसके बाद एयरपोर्ट के नियम और सऊदी अरब में जो कानून है, उनकी जानकारी दी। हज यात्रियों को कांसिलेट जनरल ऑफ इंडिया, जद्दा द्वारा तैयारी की गई हज फिल्म भी दिखाई गई। दिनभर चले इस प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता मो. असलम खान अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी ने किया। प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से डॉ. साजिद अहमद फारूकी साहब, डॉ. रूबीना अल्वी सदस्य हज कमेटी, शाहिद खान, अकरम कुरैशी उपस्थित रहे।

#### 66 हज यात्रियों को ट्रेनिंग

शिविर में मास्टर ट्रेनर्स एवं सदस्य हज कमेटी कारी मौलाना डॉ. इमरान अशरफी, हाजी अब्दुल रज्जाक, हाजी सैय्यद सलीम अशरफ, हाजी तौसीफ अहमद, हाजी राजिक अमजद, मुख्य वक्ता मौलाना व कारी इमरान अशरफी हज ट्रेनर्स एवं सदस्य हज कमेटी ने शिविर में शामिल 66 हज यात्रियों को हज्जे.बैतुल्लाह जियारत रसूल अल्लाह और जियारत मदीना और जियारत मक्का व अरकाने हज के संबंध में प्रशिक्षण दिया।

#### सवालों का दिया जवाब

प्रशिक्षण शिविर में मौजूद सभी हज यात्रियों को मास्टर ट्रेनरों ने हज का सफर शुरू करने से लेकर घर वापस आने तक की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। हज यात्रा के संबंध में सऊदी सरकार द्वारा प्रतिबंधित किए गए सामान के बारे में जानकारी दी। साथ ही हैंड बैग व बुकिंग लगेज में रखे जाने वाले सामान के बारे में भी बताया गया। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के सदस्य ने हजयात्रियों को सचेत किया कि वे हज कमेटी ऑफ इंडिया के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही सामान की पैकिंग करें। जांच के दौरान प्रतिबंधित सामान मिलने पर उसे निकालना पड़ेगा।



**बैठक:** जिला दण्डाधिकारी ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# सुदूर वनांचल व मैदानी क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर जन सामान्य से संबंधित विभिन्न समस्याओं, मांग और शिकायतों के कंप्लायंस कि समीक्षा की। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि विभिन्न विभागों को आम नागरिकों की समस्या और शिकायते प्राप्त होती है, वे सभी विभाग निर्धारित समय में प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करें।

इसके साथ ही राजस्व के लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले सहित स्थानीय स्तर के सभी कार्यालय निर्धारित कार्यालयीन समय में संचालित करने और सभी नागरिकों के समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रीष्म ऋतु मौसम को ध्यान में रखते हुए जिले में लू से बचाव और आवश्यक तैयारी के जिए अधिकारियों को निर्देश दिए है। बैठक में अपर कलेक्टर अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर डॉ मोनिका कौड़ौ, आलोक श्रीवास्तव, एसडीएम अनुपम टोप्पो, संदीप ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती गीता रायस्त, आरबी देवांगन, श्रीमती लेखा अजगल्ले, सुश्री आकांक्षा नायक सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।



### विशेष अभियान चलाकर वृहद पौधारोपण करने अपील

कलेक्टर ने कहा कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिन विशेष अभियान चलाकर वृहद रूप से पौधरोपण किया जाना है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारी को इसके लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग के ग्रीष्म कालीन अवकाश की कार्य योजना की जानकारी लेते हुए कहा कि विद्यार्थियों के उचित मार्गदर्शन के लिए कवर्धा के लाइब्रेरी में काउंसलिंग सेंटर प्रारंभ किया जाए।

### जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में अधिक ध्यान देने की जरूरत

कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि अधिक गर्मी के कारण अनेक गांव में जल स्तर कम हुआ है, इन सभी गांवों का चिन्हांकन करते हुए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी गांव में पेयजल की समस्या नही होनी चाहिए। सभी को पेयजल उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। जिले के सुंदूर वानांचल क्षेत्रों में अधिक ध्यान देने की जरूरत है। सीईओ जनपद, राजस्व और पीएचई विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से गांव में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल निदान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने फसल नुकसान होने वाले किसानों के आरबीसी 6.4 के तहत तथा फसल बीमा अंतर्गत मिलने वाली राशि के संबंध में जानकारी ली। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया की ओला एवं बे-मौसम बारिश से प्रभावित फसलों की बीमा की राशि 3 करोड़ 39 लाख रुपए की राशि बीमा कंपनी द्वारा किसानों के खाते में भुगतान किया जा चुका है। शेष राशि भी जल्द ही भुगतान कर दिया जाएगा।

# नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र भवन बनकर तैयार, उद्घाटन के बाद ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

- नव निर्मित 6 बिस्तर वाला है उपस्वास्थ्य केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत स्थित ग्राम बरबसपुर में नव निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार उप स्वास्थ्य केंद्र वर्तमान में जर्जर व बदहाल हो गया था जो कि बरसात के दिनों में नाला में बाढ़ आ जाने से और उप स्वास्थ्य केंद्र में बाढ़ का पानी भर जाता था।

जिस कारण विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामीण को चिकित्सा का लाभ नहीं मिलता था, जिनके चलते 6 बिस्तर वार्ड का नवनिर्मित भवन निर्माण कराया गया है, जिनकी स्वीकृत राशि 9 लाख 68 लाख रुपए से ईसीआरपी मद से स्वीकृत की गई।

कार्य एजेंसी छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉरपोरेशन लिमिटेड संभाग दुर्ग छत्तीसगढ़ द्वारा 6 बिस्तर वार्ड का नव निर्माण भवन बनकर तैयार हो गए हैं, नवनिर्माण 6 बिस्तर वार्ड का रंग-रोगन का कार्य व अब उद्घाटन के बाद ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को चिकित्सा के क्षेत्र में इसका लाभ मिलेगा। लेकिन विभागीय तथा जिम्मेदारों द्वारा मरीज के लिए रैम की व्यवस्था नहीं की गई जबकि मरीजों के लिए रैम की आवश्यकता तथा पानी की व्यवस्था भी अधूरा है।




# नवघटा में पालक-शिक्षक बैठक में शिक्षा परिणाम के बाद दी महत्वपूर्ण जानकारी



**हरिभूमि सहसपुर लोहारा।** शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय नवघटा में पालक-शिक्षक बैठक में शिक्षा परिणाम पश्चात महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। सोमवार को शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नवघटा में परीक्षा परिणाम से तनाव मुक्त करने पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पालकों एवं विद्यार्थियों परीक्षा परिणाम पश्चात निराशा, तनाव से दूर रहने एवं सकारात्मक दृष्टिकोण रखने की बात कही गई। परीक्षा में सफल होने के लिए कठोर परिश्रम व लगत तथा आत्मविश्वास रखने की आवश्यकता होती है, हर विद्यार्थी व पालक का एक ही उद्देश्य होता है कि अच्छे अंक प्राप्त करे। किन्तु यदि सफलता अपेक्षारत मिलने पर निराश व उदास होने की आवश्यकता नहीं है, परीक्षा ही अंतिम लक्ष्य नही है। कभी-कभी असफलता भी सफलता की गई राह बनाए है, विफलता को स्वीकर कर नए सिरे जे पुनः मेहनत करना चाहिए। संस्था प्राचार्य द्वारा पालकों व विद्यार्थी कों संदेश दिया कि हमें असफलता मे घबराना नहीं चाहिए बल्कि उसे चुनौती मानकर नए सिरे पुनः तैयारी करना चाहिए, सतत प्रयास करके हम जरूर सफल होगें। अंत में टोल फ्री फोन नंबर बताया गया गया उक्त नंबर पर फोन करके पालक व विद्यार्थी अपना समस्या का समाधान कर सके।

# भीषण गर्मी में कवर्धा वनमंडल क्षेत्रों में आग पर नियंत्रण जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वर्तमान में जिले में तापमान 40 डिग्री से ऊपर चल रहा है। इस तपती भीषण गर्मी में कवर्धा वनमंडल अंतर्गत क्षेत्रों में क्षेत्रीय अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा निरंतर अग्नि प्रकरणों पर कार्यवाही की जा रही है तथा समय पर आग पर नियंत्रण किया जा रहा है।

वनमंडलाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि विगत 01 मई से लगातार कवर्धा वनमंडल के वन परिक्षेत्र कवर्धा, सहसपुर लोहारा, खारा, पंडरिया पूर्व, पंडरिया पश्चिम, भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा एवं चिल्फी में लगभग 20 अग्नि प्रकरण प्रकाश में आए है, जिस पर क्षेत्रीय अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा तत्परता पूर्वक नियंत्रण किया गया एवं पूर्णतः आग बुझाने की कार्यवाही की गई है।

भारतीय वन सर्वेक्षण एफएसआई के माध्यम से प्राप्त अग्नि दुर्घटनाओं का त्वरित निराकरण कर ऑनलाईन रिपोर्ट प्रेषित करने के साथ फीड बैक दिया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में 01 से 08 मई तक विशेष अग्नि सुरक्षा अभियान के तहत क्षेत्रीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को आग पर नियंत्रण करने के निर्देश दिए गए तथा वनमंडलाधिकारी द्वारा आमजन से अग्नि सुरक्षा को लेकर अपील भी किया गया।

# नदियों से रेत का अवैध खनन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरमुंदा

खनिज विभाग की लापरवाही से पारागांवखुर्द, पारागांवकला, जामरी, मुड़पार, मुरमुन्दा, मेढा, मेरेगॉव नदी से रेत उत्खनन और परिवहन निरंतर जारी है। शासन को नुकसान होने के बाद भी विभाग इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने में रूचि नहीं दिखा रहा है।

क्षेत्र में सक्रिय खनिज माफिया रोजाना दर्जनों ट्राली रेत निकाल रहे हैं। अंचल की विभिन्न नदियों में रेत की निकासी के प्रमाण आसानी से देखा जा सकता है। हैरानी वाली बात यह है कि माफिया दिन रात रेत निकाल रहा है किन्तु संबंधित विभाग के अमले को यह गोरखधंधा दिखाई नहीं दे रहा है।

इस संबंध में शिकायत होने के बाद भी अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं जिसके चलते अवैध उत्खनन पर अंकुश नहीं लग रहा है। रेत के परिवहन में कृषि उपयोग के क्रय किए गए ट्रैक्टर का उपयोग किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### लोगों को लुभा रहे मिट्टी के गुड्डे-गुड़िया



**गंडई पंडरिया।** आगामी 10 मई को अक्षय तृतीया है। इस मौके पर बच्चे गुड्डे गुड़िया का विवाह करेंगे। पर्व को देखते हुए शहर के कुंभकार मिट्टी के गुड्डे गुड़िया बनाकर बेच रहे हैं। कुंभकारों ने शहर के साप्ताहिक बाजार में आकर्षक गुड्डे गुड़िया सजाया था जिसे बड़ी संख्या में लोगों ने क्रय किया। बीते कुछ सालों से पंडरिया सहित क्षेत्र के अनेक ग्रामों के बच्चे परंपरागत तरीके से गुड्डे गुड़ियों का ब्याह कर रहे हैं। आयोजन के लिए आम के पत्तों का मंडप बनाया जाता है। हस्तलिखित आमंत्रण कार्ड बनाकर आस पास के लोगों को न्यौता दिया जाता है। शाम को धुमाल, गढ़वा बाजा के साथ बारात निकाला लाएगा।

### सेवानिवृत्त व्याख्याता को विदाई

**जंगलपुर।** हायर सेकंडरी स्कूल रंगाकठेरा के व्याख्याता भीखम राम साहू को सेवानिवृत्ति होने पर शाला परिवार, शाला प्रबंधन समिति एवं ग्रामीणों ने विदाई दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अरुणा अम्बादे ने किया। विशेष अतिथि सरपंच नरसिंग वर्मा थे। प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकंडरी स्कूल के शिक्षकों ने मोमेंटो, शाल व श्रीफल भेंटकर कर सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मानित किया।

# कलेक्टर ने जिलेवासियों को लू से बचने आवश्यक सावधानी बरतने अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



ग्रीष्म ऋतु में तापमान में वृद्धि के चलते भीषण गर्मी पड़ने तथा नागरिकों को लू लगने की संभावना है, जिससे आम जन जीवन व स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जिसे देखते हुए कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिलेवासियों को लू से बचने आवश्यक सावधानी बरतने कि अपील की गई। राजस्व एवं आपदा प्रबंध विभाग द्वारा भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया। भीषण गर्मी में लू से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीए।

### लू से बचाव के उपाय

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतः नमक की कमी हो जाना होता है। इसके लिए बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाए। धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले, पानी अधिक मात्रा में पिए। अधिक समय तक धूप में न रहे। गर्मी के दौरान मुलायम सूती कपड़े पहने ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पिए, चक्कर, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें। शीतल पेय जल पिए, फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श ले। उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह ले।

### भीषण गर्मी में लू के लक्षण


सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख न लगना व बेहोश होना आदि लक्षण शामिल है।

### लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचार

बुखार से पीड़ति व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाए, कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि, पीड़ति व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटाए, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें। पीड़ति व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जाए या आंगनबाड़ी मितानिन तथा एएनएम से ओआरएस की पैकेट के लिए संपर्क करें।

## परीक्षा जीवन का कोई अंतिम परिणाम नहीं

**हरिभूमि बोड़ला।** शासकीय हाई स्कूल घोंघा में परीक्षा परिणाम से तनाव मुक्त करने पालक व शिक्षक का बैठक आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के मन में निराशा व तनाव को दूर करने के लिए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन व सकारात्मक दृष्टिकोण रखने की बात कही गई। बैठक मे बताया गया कि विद्यार्थियों में सोच के अनुसार कम अंक प्राप्त होना, असफल व पूरक आ जाने जैसी स्थिति में तनावग्रस्त होने पर तनावमुक्त रहने की जानकारी दी गई। परीक्षा जीवन का कोई अंतिम परिणाम नही होता। परीक्षा एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है , जीवन के उतार-चढ़ाव में परीक्षा रूपी ज्ञान ही हमें मजबूती प्रदान करती है। परीक्षा से निंरतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने की दक्षता का विकास, तनाव के कारण होने वाले अवसाद के लक्षणों की पहचान प्राप्त होती है। बोर्ड परीक्षाएं समाप्त हो चुकी है सभी को परीक्षा परिणाम का इंतजार है। परीक्षा परिणाम में कुछ विद्याथियों के परीक्षा परिणाम आशा अनुरूप होगें, जबकि अधिकांश विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम अपेक्षा से कम होगें। इस बैठक में प्रभारी प्राचार्य रामकुमार बघेल, हेमंत कुमार सोनी व्याख्याता, राजेश साहू, भगवती हठीले, ब्रिजेश कुमार गुप्ता, पालक गण दयाल सिंह मेरावी, उमेन्द्र लांझी, रमेश धुर्वे, रोहित झारिया, सुमेर तिलगाम, सरजू पटेल व मोहित यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थें।







# बच्चों और युवाओं को लुभा रहा नदी का शीतल जल, तैराकी सीखने पहुंच रहे बड़ी संख्या में

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हो गया है।

छुट्टी लगने के बाद से युवा और बच्चे घर पर अपना पूरा समय बिता रहे हैं वजह यह है कि इन दिनों चिलचिलाती गर्मी के कारण वह कहीं जा भी नहीं पा रहे हैं। कुछ युवा और बच्चे बोरियत दूर करने और फ्री में तैराकी का गुर सीखने भरभड़ी जंगल के अंदर गोंदली धोवा नामक स्थान पर जा रहे हैं। यहां चारों तरफ जंगल और पहाड़ है। यही से पैलीमेटा बांध से निकलने वाला पानी नदी के रूप में साल भर बहते रहता है। गोंदली धोवा में नदी की गहराई 8 से 9 फ़ीट तक है। यहां तैराकी सीखने एवं नहाने का मजा लेने आजकल बच्चे और युवा हर दिन जाने लगे है। सुबह से लेकर शाम तक दर्जनों बच्चो की भीड़ यहां पर देखा जा सकता है।

लगभग 20 साल पहले से भरभड़ी बांध के बाद निकलने वाली नदी के कई जगहों पर जमीन के अंदर से प्राकृतिक श्रोत से पानी निकलता है जिसके कारण नदी में साल भर पानी बहते रहता है। भरभड़ी डेम के बाद एक भी जलश्रोत नहीं होने के कारण गर्मी आते ही नदी सूखने लगती है।



## खबर संक्षेप



### अखंड नवधा रामायण का भव्य आयोजन

**कवर्धा।** कुण्डा दामापुर से लगे ग्राम पावरजली मे 9 दिवसीय चल रहे अखंड नवधा रामायण के समापन समारोह मे क्षेत्र के अनेक मानस मंडलियों ने भाग लेकर रामकथा का रसपान उपस्थित श्रोताओं को कराया। इसी कड़ी मे मानस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें मंचस्त मंडलाइयों को 30 मिनट का समय दिया गया। मंचस्त मण्डली गायन वादन व टिका के माध्यम से राम कथा को विस्ताऱ से समझाया गया। गांव मे लगातार सात वर्षो से आयोजित नवधा रामायण में सभी समाज के लोगों का सहयोग रहा। समापन समारोह में राजपूत क्षत्रिय समाज के केंद्रीय पदाधिकारियों ने अपनी सहभागिता निभाई वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता हरेन्द्र सिंह राजपूत ने की। वहीं आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय व क्षेत्रीय ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### प्रतिबंधात्मक आदेश किया गया जारी

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में भीषण गर्मी एवं तेज धूप की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर जनमेजय महोबे ने एक आदेश जारी कर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक भारवाही पशुओं पर सामग्री रखकर या सवारी हेतु उपयोग करने से अथवा टांगा, बैलगाड़ी, भैसागाड़ी पर वजन ढोने को प्रतिबंधित कर दिया है। यह आदेश पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण परिवहन एवं कृषिक पशुओं पर क्रूरता निवारण नियम 1965 के नियम 6(3) के तहत जारी किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर ने वनमंडलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार, जनपद पंचायतों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों तथा उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया है।

### व्यापमं की परिक्षओं की तिथि संशोधित

**कवर्धा।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए व्यापमं ने अपनी विभिन्न प्रवेश परीक्षा की तारीख में संशोधन किया है। इसमें 12 पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा शामिल है। परीक्षा 9 जून से शुरू होगी। विभिन्न प्रवेश व पात्रता परीक्षा की तारीख में संशोधन के सबंध में व्यापमं ने अपनी वेबसाइट में सूचना पत्र अपलोड किया है।

### सेमेस्टर परीक्षा का श्रीगणेश 17 मई से

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विश्व विद्यालय ने सेमेस्टर परीक्षा मई-जून 2024 के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। प्रवेश पत्र को संबंधित विद्यार्थी विवि की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। सेमेस्टर परीक्षा 17 मई से शुरू हो रही है, जो सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक होगी। परीक्षा संबंधित डिटेल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दी गई है।

**अनदेखी:** करीब 14 वर्ष पूर्व जारी किया गया था आदेश, पर धरातल पर कुछ नहीं

# अल्प व खण्ड वर्षा को देखते हुए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग हो अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले की भौगोलिक स्थिति के चलते होने वाली अल्प व खण्ड वर्षा के चलते साल दर साल गिरते जल स्तर और उस पर बढ़ते गन्ना के रकबे के साथ बड़ी बेरहमी से बोर मशीन द्वारा धरती की छाती छलनी कर किए जा रहे पानी के दोहन को देखते हुए निश्चित रूप से ये कहना गलत नहीं होगा कि पानी के मामले में कबीरधाम जिले का भविष्य ठीक नहीं है। संभवतः यही वजह है कि वर्ष 2019-20 में जिला प्रशासन के तात्कालिक मुखिया ने इस बात पर चिंता जताते हुए पहले जिले की भौगोलिक स्थिति को सुधारने सघन पौध रोपण करने फिर गन्ना उत्पादक किसानों से गन्ना के रकबे को कम करने और भू-गर्भ जल की रिचार्जिंग को विशेष ध्यान में रखते हुए जिले के सभी निजी संस्थानाओं स्कूल, अस्पताल, वाणिज्य भवन, रिहायशी कालोनियां, टॉउन शिप कालोनियों और औद्योगिक ईकाइयों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य करने का फरमान जारी किया था। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि प्रशासन ने सिर्फ इस गंभीर विषय को लेकर सिर्फ चिंता जाहिर की, इस पर अमल करने आज पर्यत कोई विशेष कदम नहीं उठाए गए। नतीजन यह शानदार पहल सिर्फ पहल होकर रह गई। उल्लेखनीय है कि तात्कालिक कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने जिले के सभी नगरीय निकायों और नगर पंचायत के अधिकारियों को नगरीय निकाय क्षेत्रों के सभी शासकीय कार्यालयों, निजी और रिहायशी कालोनियों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग स्थापित है कि नही, है अथवा स्थापित है तो क्रियाशील है कि नहीं है, इसका सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। उस समय संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों ने कलेक्टर के इस आदेश पर अमल करते हुए बकायदा सर्वे कर डेटा भी संकलित किया था और रिपोर्ट भी पेश की थी लेकिन इसके बाद श्री शरण का स्थानांतरण हो गया और वे यहां से चले गए। लेकिन इतना साफ है कि कबीरधाम में पानी को लेकर श्री शरण की चिंता बिलकुल सही थी। उनकी इस पहल के आज करीब 14 सालों बाद इसके कई दुष्परिणाम भी सामने दिखाई देने लगे हैं। जिले के कई ईलाकों में भीषण गर्मी के चलते तेजी से जल स्तर नीचे गिर रहा है और इसमें साल दर साल तेजी आ रही है। माना जा रहा है कि अगर करीब 14 साल पूर्व प्रारंभ की गई रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की अनिवार्यता को कड़ाई से जिले में लागू किया जाता तो निश्चित रूप से आज जिले में पानी के मामले में हालात कुछ और होते।



#### कहते हैं देर आए दुरूस्त आए

लेकिन कहते हैं देर आए दुरूस्त आए, इस लिहाज से अभी भी कुछ नहीं बिगड़ा है और शासन प्रशासन को जिले की भौगोलिक स्थिति के चलते होने वाली अल्प व खण्ड वर्षा के साथ जिले में पानी की खपत को देखते हुए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की दिशा में एक बार फिर पहल करनी चाहिए और इसे गंभीरता से लेते हुए इस बार वर्षा ऋतु में इसे अनिवार्य कर देना चाहिए।

#### लोगों में इच्छा शक्ति का भी होना जरूरत

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के निजी संस्थानाओं, स्कूल, अस्पताल, वाणिज्य भवन, रिहायशी कालोनियां, टॉउन शिप कालोनियों और औद्योगिक ईकाइयों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की दिशा में यह कोई पहला प्रयास नहीं हैं। इससे पूर्व भी शासन-प्रशासन के निर्देशों पर यह कवायद की जा चुकी है। आज भी जिला मुख्यालय कवर्धा के कई सरकारी दफ्तरों व संस्थाओं में बड़ी राशि खर्च कर लगवाए गए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम देखे जा सकते हैं। लेकिन संबंधित विभाग व संस्थाओं के जिम्मेदारों ने इस व्यवस्था पर कभी इच्छा शक्ति नहीं दिखाई यही वजह है कि आज रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कबाड़ हो चुके हैं और कोई काम के नहीं रह गए हैं। हां कुछ स्कूलों में जरूर वहां के जागरूक शिक्षकों की बदौलत यह सिस्टम काम कर रहा है।

# ग्रामीण से चाकू की नोक पर लूटपाट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार




- जिले में लगातार बढ़ रहे आसामाजिक, आपराधिक और शरारती तत्वों हौसले

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में आसामाजिक, आपराधिक और शरारती तत्वों के हौसले लगातार बुलंद हो रहे हैं और अब वे सरेआम लूटमार जैसी बारदातों को भी अंजाम देने में कोई गुरेज नहीं कर रहे हैं। ताजा मामला भोरमदेव थाना क्षेत्र का है जहां दो लोगों ने मिलकर एक राह चलते व्यक्ति को चाकू की नोक पर लूट लिया और उसे जान से मारने की घमकी भी दी।

घटना के बाद पीड़ित द्वारा घटना की जानकारी भोरमदेव थाना में दिए जाने के बाद पुलिस ने सीसी टीबी की मदद से दोनो आरोपियों को दबोच लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलासपुर रोड स्थित शराब दुकान के पास से प्रार्थी संतोष कुमार बंजारे कहीं जा रहे थे इसी दौरान कवर्धा निवासी आदतन बदमाश विवेक और अमर ने संतोष का रास्ता रोक लिया और अपने पास रखा चूका दिखाकर उससे न सिर्फ लूटपाट की बल्कि उसे शिकवा शिकायत करने पर जान से माने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने क्षेत्रीय थाना भोरमदेव में पूरे मामले की रपट दर्ज कराई।

जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 394, 397, 294, 506 क्च, 34 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया और घटना स्थल के आसपास लगे सीसी टीबी कैमरों से प्राप्त फुटेज के आधार पर आरोपी विवेक और अमर को गिरफ्तार कर लिया।

# भीषण गर्मी में नदी नाले भी छोड़ने लगे लोगों का साथ

## हाफ नदी में पानी कम होने से बढ़ रही समस्या



- वनांचलों में भी गहराने लगी पानी की समस्या, वनवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

मई माह के शुरूआती दिनों में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते अंचल के अधिकांश नदी, नाले, तालाब तथा दूसरे जल स्त्रोत लोगों का साथ छोड़ चुके हैं। जिसके चलते लोगों के सामने निस्तारी की गंभीर समस्या खड़ी हो रही है।

सार्वधिक परेशानी वनांचल ईलाकों के बासिंदों को उठानी पड़ रही है। क्योंकि इन ईलाकों में बसे कई गांव के लोग पेयजल से लेकर निस्तारी के लिए नदी, नाले, तालाब तथा दूसरे जल स्त्रोतों पर ही निर्भर रहते हैं लेकिन गर्मी में जल स्त्रोतों के समाप्त होने के साथ हीं इन्हें पानी की व्यवस्था के लिए यहां वहां भटकना पड़ रहा है। आलम ये है कि मवेशियों की प्यास बुझाने उन्हें कई किलो मीटर दूर ले जाना पड़ रहा है। यही हाल विकासखण्ड पंडरिया से बहने वाली हाफ नदी के किनारे बसे दर्जनो ग्रामों के बासिंदों का है।

जानकारी के मुताबिक मई माह के इन दिनो में अंचलवासियों के लिए जीवनदायनी मानी जाने वाली हाफ नदी भी दम तोडऩे लगी है। जिसके चलते ग्राम कुण्डा, अंखरा, खम्हरिया, गुंझेटी, केशली, केशलमरा, रेंगाबोर्ड, दुल्लापुर, कुबा, हथमुड़ी, पेण्ड्री, माकरी, खैलटुकरी, दुल्लीपार, टाटाकसा, महुआ, मड़वा, दामापुर सहित हाफ नदी के किनारे बसे करीब 50 गांव के बासिदों के सामने भीषण गर्मी में निस्तारी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है।

ग्रामीणों ने बताया कि नदी का एक बड़ा हिस्सा सूख चुका है और धार लगातार बदली होते जा रही है। इस स्थिति में मवेशियों को नहलाने, धुलाने तथा पानी पीलाने परेशानी हो रही है और उन्हें अपने पेयजल में कटौती करनी पड़ रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि आसपास कोई जलाशय नहीं होने तथा नदी में पानी छोडने की व्यवस्था नहीं होने के कारण अब उन्हें मानसून तक ऐसी ही समस्या का सामना करना पड़ेगा। कुल मिलाकर देखा जाए तो गर्मी के मौसम ने लोगों की परीक्षा लेना शुरू कर दिया है। ।

# बाजार में बिक रहा फलों का राजा आम लोगों की सेहद के लिए कितना सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

इन दिनो नगर के बाजार में फलों के राजा आम की बहार है। फल दुकानो में अलग-अलग वैराइटी के दशहरी, सफेदा, चौंसा, कलमी, नीलम से लेकर केसरी और अन्य कई किस्मो के आम दो सौ रूपए प्रति किलो से लेकर डेढ़ सौ और सौ रूपए प्रति किलो के भाव में बिक रहे हैं जिनकी लोगों द्वारा खूब खरीदी भी की जा रही है। दशहरी आम का स्वाद और उसकी मिठास खाने वालों को अपना मुरीद बना देती है। यही वजह है कि आम खाने के शौकीन लोग पूरे साल गर्मियों का इंतजार करते है। आम स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद फल है, इसमें विटामिन सी, डी के अलावा कई पौषक तत्वा होते हैं। लेकिन आम के ये गुण खाने वालों को तभी मिल पाते हैं जब वह प्राकृतिक रूप से पका हुआ हो। तो सवाल यह उठता है कि क्या इस



समय बाजार में जो आम बिक रहे हैं वह प्राकृति रूप से नहीं पके हैं। सूत्रों की माने तो इस बात पर आशंका जताई जा रही है कि बाजार में बिक रहे ज्यादा तर आमो को कृतिम रूप से एथलीन और कार्बेट जैसे केमिकल लगाकर पकाया जा रहा है जो लोगों की सेहद के लिए बेहद खतरनाक है। जानकारों का मानना है कि एथलीन और कार्बेट जैसे केमिकल लगाकर पकाए गए आमों के सेवन से कैंसर जैसी बीमारी हो सकती है। दुर्भाग्य का विषय है कि इस और जिला खाद्य विभाग भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है और नगर में इस तरह के खतरनाक कैममिकल से पकाए गए आम तथा दूसरे फल धड़ल्ले से बेंचे जा रहे हैं। इनके लोगों की सेहद पर घातक परिणामों को देखते हुए बेहतर होगा कि प्रशासन तथा खाद्य विभाग इसकी सुध ले और फलों के नमूने लेकर इनकी जांच कराए ताकि लोगों की सेहद के साथ खुले आम हो रहे खिलवाड़ को रोका जा सके।

# वनवासियों को वितरित की चरण पादुकाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭चिल्फीघाटी

वनांचल के ग्राम, बोक्करखार, महलीघाट, शंभूपीपर व आमापानी के जरूरतमंद बैगा बच्चों व बुजुगों को जूते चप्पल वितरण किया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल के नेतृत्व में बोड़ला के को युवाओं ने सेवा परमो धर्मः के भाव को लेकर अच्छी पहल की है। दिन का पारा 40 डिग्री है। वहीं जंगलों में निवास करने वाले वनवासियों के पैरों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानकर यह जनहित कार्य किया गया। नितेश अग्रवाल ने बताया कि बैगा आदिवासी वनोपज संग्रहण का काम कर रहे हैं। इसके चलते उनके पैरों में कई तरह की समस्या आती है। इससे निजात' दिलाने के लिए वनवासी बैगा आदिवासियों के बच्चों व बुजुर्गों चरण पादुका वितरण कर राहत देने की कोशिश की गई है।

## तेंदूपत्ता तोड़ाई...



**कवर्धा।** जिले के वनांचलों में गत पांच मई से तेंदूपत्ता तोड़ाई कार्य किया गया प्रारंभ।

**अंचल के सब्जी उत्पादक किसानों और शासन से मिल रही सुविधाओं का परिणाम**

# तेज गर्मी के बावजूद हरि सब्जियों के दामों में नरमी



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अमुमन ग्रीष्म ऋतु में एक तो हरी सब्जी की आवक बेहद कम होती है और उस पर भी उनके दाम काफी ज्यादा होते हैं। लेकिन इसे नगर के लोगों की खुशकिस्मती ही कहें की अंचल के सब्जी उत्पादक किसान और ग्रामीण उन्हें न सिर्फ इस भीषण गर्मी में हरी व ताजा सब्जी उपलब्ध करा रहे हैं बल्कि किफायती व कम दामों में। जी हां ग्रीष्म ऋतु के इस दौर में कवर्धा नगर हरी और ताजा सब्जियों की किस्मों से अटा पड़ा है। जिसकी खरीदी के लिए हर रोज सब्जी बाजार में लोगों का रैला भी देखा जा सकता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इन दिनो सब्जी बाजार में भिंडी, लोकी, चुटचुटिया, तोरई, बरबट्टी, कद्दू, कुंदरू, भांटा, की भरमार है और ये सभी सब्जी मात्र 20 से 40 रूपए किलो में बिक रही है। इसके अलावा पत्तेदार सब्जियों की बाद की जाए तो लाल भाजी, चौलई भाजी, पालक भाजी, खेड़ा भाजी, कांदा भाजी, घोलो भाजी, अमारी भाजी, चैंच भाजी जैसी भाजियों की भी अच्छी आवक बनी हुई है। बाजार में ये तमाम भाजी 10 रूपए में तीन-चार जूरी के हिसाब से खूब बिक रही है। यही स्थिति धनिया पत्ती आरैर हरी मिर्ची की भी है तो अभी बाजिब दामों में उपलब्ध हो रही है। माना जा रहा है कि यह अंचल के सब्जी उत्पादक किसानो की मेहनत का ही नतीजा है जो लोगों को भीषण गर्मी के इस दौर में भी किफायती दामों में हरी सब्जियां भरपूर मात्रा में उपलब्ध हो रही है। स्थानीय सब्जी उत्पादक किसानों ने बताया कि सिंचाई के साधन उपलब्ध होने के कारण उनके द्वारा अपनी बाडियां में सब्जी का उत्पादन किया जा रहा है। जिसके चलते बाजार में लोकल बाड़ी से निकलने वाली सब्जी की अच्छी आवक बनी हुई और उनके दाम भी कम हैं।

#### बाहरी सब्जियों के दामों में उछाल

लोकल बाड़ी से निकलने वाली सब्जियों के विपरीत अगर बाहरी सब्जी की बात की जाए तो उनके दामों में भारी उछाल देखने को मिल रहा है। इन दिनो बाजार में परबल 60 रूपए, करेला 50 रूपए, फूल गोफी 60 रूपए टिंडा 80 रूपए, शिमला मिर्च 60 रूपए किलो के भाव से बिक रही है।

#### बाहरी टमाटर भी सस्ता

इस भीषण गर्मी में भले ही लोकल बाड़ी का टमाटर नगर के सब्जी बाजार से नदारत है लेकिन बाहरी टमाटर की खेप बड़ी मात्रा में पहुंच रही है और 30 रूपए में डेढ़ किलो के भाव से बिक रहा है जो निश्चित रूप से लोगों के लिए बड़ी राहत की बात है।

# बोर्ड परीक्षा के परिणाम के संबंध में पालक-शिक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में पालक शिक्षक एवं विद्यार्थियो का बोर्ड परीक्षा के परिणाम के संबंध में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में प्राचार्य आरपी सिंह द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया उन्होंने कहा कि कोई भी परीक्षा परिणाम अंतिम नहीं होता इसे स्वीकार कर आगे रणनीति बनाकर सुधार किया जा सकता है उन्होंने उम्मीद व्यक्त किया कि इस विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं अच्छे नंबर से उत्तीर्ण होंगे यदि किसी कारणवश बच्चों का परिणाम आशा अनुकूल नहीं रहा तो बोर्ड परीक्षा द्वारा उन्हें अवसर परीक्षा के रूप में एक अवसर प्रदान किया



जाता है जिसमें छात्र पुनः लगन से पढ़ाई कर सफलता प्राप्त कर सकते हैं उन्हें किसी भी प्रकार से निराश होने की आवश्यकता नहीं है। यदि किसी विद्यार्थी को परीक्षा परिणाम से संतुष्टि नहीं है तो वह छात्र-छात्राएं 15 दिवस के अंदर पुनर्गणना पुनर्मूल्यांकन एवं उत्तर पुस्तिका प्राप्त करने हेतु माध्यमिक शिक्षा मंडल के वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन दसवीं कक्षा के कक्षा शिक्षक नंद कुमार सोनी द्वारा किया गया उन्होंने भी विद्यार्थियों को सफलता और असफलता के बारे में चिंतित होने की आवश्यकता नहीं होने पर जोर दिया। पालक शिक्षक विद्यार्थी बैठक में विद्यालय की व्याख्याता आनंद शर्मा, अशोक कुमार गुप्ता, मार्तंड सिंह राजपूत, रविंद्र चंद्रवंशी, शकीला कुरैशी, श्रीमती कीर्ति वर्मा ने भी विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम को लेकर चिंतित नहीं होने के बारे में समझाईश प्रदान किया। बैठक में पालक गण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहकर बातों को ध्यान से सुना एवं अच्छे नंबर से पास होने का उम्मीद व्यक्त किया।